卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म्卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्नि जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 25 ♦अंक 282 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर ( ऊधमसिंहनगर ) ♦शुक्रवार ♦18 जुलाई 2025 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in



GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur


## मोदी ने बिहार को दी 7200 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

पटनाः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिहार दौरे पर हैं। इस दौरान वे मोतिहारी में एक विशाल जनसभा को संबोधित किया। साथ ही पीएम मोदी ने 7200 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन भी किया। चार नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। प्रधानमंत्री ने पीएम आवास योजना के 40 हजार लाभार्थियों के खाते में किस्त जारी की। परियोजनाओं में रेलवे, सड़क, ग्रामीण विकास, मत्स्य पालन, और सूचना प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्र शामिल हैं। पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि आरजेडी-कांग्रेस के राज में गरीबों को पक्का घर मिलना एक सपना था। उस दौर में लोग अपने घरों में रंग रोगन नहीं करवाते थे। वे डरते थे कि कहीं घर में रंग हो गया तो कहीं उठवा न लिया जाय। लेकिन आज बिहार आगे बढ़ रहा है। हमारी सरकार लोगों को पक्के मकान दे रही है। उन्होंने कहा कि आरजेडी और कांग्रेस के राज में गरीब लोगों तक विकास का पैसा पहुंचना मुश्किल था। आज लोगों ने इन लोगों की बेड़ियों से मुक्त किया। असंभव को संभव कर दिखाया। आज गरीबों तक योजनाएं पहुंच रही है। आज यहां से 7 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा की परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास हुआ है। मैं आप सभी को और सभी बिहारवासियों को इन विकास परियोजनाओं की बहुत-बहुत बधाई देता



हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज गुरुग्राम की तरह गयाजी हैं। पुणे की तरह पटना और सूरत की तरह संथाल परगना का विकास हो। साथ ही जयपुर की तरह जलपाईगुड़ी और बेंगलुरु की तरह बीरभूम भी आगे बढ़ेगा। पूर्वी भारत आगे बढ़े इसके लिए बिहार को विकसित करना होगा। अपने संबोधन की शुरुआत पीएम मोदी ने सबसे पहले सोमेश्वर नाथ बाबा को प्रणाम किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि चंपारण की धरती ने इतिहास बनाया। आजादी के लिए महात्मा गांधी को इसी धरती को राह दिखाई। उन्होंने कहा अब इस धरती से नया बिहार बनेगा। पीएम मोदी ने कहा कि बिहार में लखपति दीदी की संख्या बढ़ रही है। देश में तीन करोड़ का लक्ष्य रखा है। डेढ़ करोड़ बन चुकी हैं। बिहार मे 20 लाख बनी हैं। चंपारण में 80 हजार बनी हैं। 400 करोड़ का सामुदायिक विकास फंड जारी हुआ है। नारी शक्ति बढ़ाने का काम होगा। जीविका से लाखों महिलाएं सशक्त हुई हैं। एनडीए का विजन है जब बिहार आगे बढ़ेगा तो देश बढ़ेगा। जब युवा आगे बढ़ेगा तो बिहार बढ़ेगा। हमारा संकल्प है समृद्ध बिहार हर युवा को रोजगार। मोदी ने कहा कि आज बिहार बढ़ रहा। माता-बहन का योगदान है। ये आशीष दे रही थीं। हमारे कदम को ये समझ रही हैं। पहले 10 रुपये भी छुपाकर रखना पड़ता था, पहले खाता नहीं था। गरीबों का (शेष पृष्ठ सात पर)

## मुख्य सचिव और डीजीपी ने लिया निवेश उत्सव की तैयारियों का जायजा

रुद्रपुर। बहुप्रतीक्षित उत्तराखंड निवेश उत्सव की तैयारियों को अंतिम रूप देने के उद्देश्य से प्रदेश के मुख्य सचिव आनंद वर्धन एवं पुलिस महा निदेशक दीपम सेठ शुक्रवार को रुद्रपुर पहुंचे। उन्होंने कार्यक्रम स्थल एवं आसपास के क्षेत्रों का निरीक्षण कर अधिकारियों के साथ बैठक कर सुरक्षा सहित समस्त व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की। मुख्य सचिव व डीजीपी ने विशेष रूप से स्टेडियम परिसर में की जा रही व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों से कार्यों की प्रगति रिपोर्ट ली और स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी तैयारियां निर्धारित समयसीमा के भीतर पूरी कर ली जाएं। उन्होंने कहा कि इस महत्वपूर्ण आयोजन



में किसी भी प्रकार की चूक की कोई गुंजाइश नहीं होनी चाहिए। उल्लेखनीय है कि 19 जुलाई को रुद्रपुर के अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में प्रस्तावित उत्तराखंड निवेश उत्सव में भारत सरकार के गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। इस दौरान राज्य में विभिन्न उद्योगों एवं परियोजनाओं से संबंधित एक लाख करोड़ रुपये की ग्राउंडिंग की जाएगी, जिससे प्रदेश में औद्योगिक निवेश को नया आयाम मिलने की उम्मीद है। निरीक्षण के दौरान डीजीपी ने कानून व्यवस्था और वीवीआईपी सुरक्षा से जुड़े अधिकारियों को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान प्रदेश सरकार के प्रभारी मंत्री गणेश जोशी भी मौजूद रहे। उन्होंने अधिकारियों से तैयारियों की जानकारी लेते हुए कहा कि यह आयोजन राज्य के आर्थिक परिदृश्य को नई दिशा देगा। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों से समन्वय के साथ कार्य करते हुए कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने की अपील की। प्रभारी (शेष पृष्ठ सात पर)

## कारखाने से लौट रहे युवक की बाईक फिसलने से मौत

नानकमत्ता( उद संवाददाता)। बीती रात नानकमत्ता से घर जा रहे कपड़े की फैक्ट्री में काम कर रहे टेलर मास्टर की बाइक फिसलने से मृत्यु हो गई। युवक शादीशुदा था उसके स्वजन में मृत्यु पर कोहराम मच गया। स्वजन ने घटना की सूचना पुलिस को नहीं दी है।जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर 3 नानकमत्ता में सनातन धर्म मंदिर वाली गली में रहने वाला 35 वर्षीय राजू सैनी वार्ड 5 में बच्चों के कपड़े सिलने वाले कारखाने में काम करता था, देर रात्रि 10 बजे वह नानकसागर कॉलोनी प्रतापपुर अपने घर पर जा रहा था। बताया जा रहा है कि नानकसागर कॉलोनी में सड़क टाइल का कार्य चल रहा है, राजू सैनी पुत्र जागन सिंह की बाइक मोड पर फिसल गई, जिससे उसकी मृत्यु हो गई। बताया जा रहा है कि परिवार में मृतक की पत्नी और दो पुत्री है। घटना की सूचना मिलने पर मृतक के स्वजन में कोहराम मच गया। मृतक की पत्नी का रो रो कर बुरा हाल है। मृतक ने नानकमत्ता के वार्ड नंबर 5 में मिलक में कर्ज लेकर कपड़े सिलने का कारखाना खोला था। लेकिन व्यवसाय में फेल होने के बाद उसने अन्य कारखाने में नौकरी शुरू की थी। युवक की मृत्यु की सूचना पुलिस को नहीं दी गई है।

## बीडीसी प्रत्याशी समेत तीन को दिल्ली पुलिस ने धोखाधड़ी के आरोप में दबोचा

### साईबर सेल में दर्ज मामले में हुई कार्रवाई

नानकमत्ता( उद संवाददाता)। साइबर फ्रॉड के मामले में दिल्ली की स्पेशल सेल की पुलिस ने थाना क्षेत्र में दबिश देकर स्थानीय पुलिस के सहयोग से बीडीसी का चुनाव लड़ रहे एक प्रत्याशी सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। जिनके खिलाफ दिल्ली सेल की पुलिस में फ्रॉड का मामला दर्ज है। थाना अध्यक्ष उमेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि स्पेशल सेल दिल्ली पुलिस से उप निरीक्षक मुन्ना कुमार अपने साथी पुलिसकर्मी आविश कुमार और सुरेश कुमार थाना स्पेशल सेल दिल्ली से संबंधित मुकदमे की विवेचना को लेकर साइबर सेल से संबंधित धोखाधड़ी के मामले में अभियुक्तों की तलाश में थाना क्षेत्र में संपर्क किया था। जहां साइबर सेल के उप निरीक्षक द्वारा बताए गए अभियुक्त को स्थानीय पुलिस टीम के सहयोग से गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है कि मुख्तार सिंह पुत्र पहलवान सिंह निवासी ग्राम हरैया थाना नानकमत्ता जिला उधम सिंह नगर, संजय कुमार पुत्र भान चंद्र निवासी जंगल जोगीठेर जिला उधम सिंह नगर, प्रदीप चौहान पुत्र रंजीत सिंह निवासी देवली कोतवाली खटीमा जिला उधम सिंह नगर को गिरफ्तार किया है तीनों अभियुक्त गण को मुकदमा में ट्रांजिट रिमांड हेतु माननीय न्यायालय खटीमा में पेश किया गया है। पकड़ा गया एक अभियुक्त मुख्तार सिंह नानकमत्ता क्षेत्र के ही अपने गांव हरिया से क्षेत्र पंचायत सदस्य का भी प्रत्याशी है। जो कि अपने चुनाव प्रचार में व्यस्त था जिसे दिल्ली पुलिस ने स्थानीय पुलिस के सहयोग से धर दबोचा। बताया जा रहा है कि तीनों के खिलाफ साइबर सेल में धोखाधड़ी काआपराधिक मामला दर्ज है।

## सीएम ने फिल्म '5 सितम्बर' का पोस्टर किया लॉन्च

### पूर्णतः उत्तराखंड में फिल्माई गई है फिल्म

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय में हिंदी फिल्म "5 सितम्बर" का पोस्टर लॉन्च किया। यह फिल्म पूर्णतः उत्तराखंड में फिल्माई गई है तथा राज्य की सांस्कृतिक विरासत, प्राकृतिक सौंदर्य और स्थानीय प्रतिभा को राष्ट्रीय पटल पर प्रदर्शित करने का सशक्त प्रयास है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड फिल्म निर्माण का पसंदीदा गंतव्य बन रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार फिल्म नीति के तहत हर संभव



सहयोग प्रदान कर रही है, ताकि अधिक से अधिक निर्माता/निर्देशक उत्तराखंड की धरती पर फिल्म निर्माण करें और राज्य के युवाओं को रोजगार और मंच प्राप्त हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस प्रकार की फिल्में न केवल उत्तराखंड की प्रतिभा को प्रोत्साहित करती हैं, बल्कि पर्यटन एवं सांस्कृतिक संवर्धन में भी सहायक सिद्ध होती हैं। उन्होंने फिल्म निर्माण टीम को शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की कि यह फिल्म दर्शकों के मन को छूने में सफल होगी। इस अवसर पर फिल्म के डायरेक्टर कुनाल शमशेर मल्ला, कलाकार संजय मिश्रा, ब्रिजेंद्र काला, ऋषभ खन्ना, भुवन खन्ना और दीपराज राणा मौजूद थे।

## महिला ने मासूम बालक पर सिलबट्टे से किया हमला, गिरफ्तार

देहरादून( उद संवाददाता)। राजधानी के रीठा मंडी क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां महज पांच वर्ष के मासूम बालक पर पड़ोस में रहने वाली महिला ने सिलबट्टे से जानलेवा हमला कर दिया। पुलिस के अनुसार, आरोपी महिला मीना देवी ने अपने पड़ोसी जगपाल के बेटे गौरव को उसके घर के बाहर से बहला- फुसलाकर कमरे में ले जाकर दरवाजा बंद कर लिया और सिलबट्टे से उसके सिर पर क्रूरता से प्रहार किया। मासूम की चीख-पुकार सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे और दरवाजा तोड़कर उसे बाहर निकाला। गंभीर हालत में गौरव को तत्काल (शेष पृष्ठ सात पर)



## पदक विजेता मुकेश पाल को मुख्यमंत्री ने दी बधाई

देहरादून( उद संवाददाता)। अमेरिका के बर्मिंघम (अलाबामा) में 27 जून से 07 जुलाई तक आयोजित वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स में पावरलिफ्टिंग स्पर्धा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर देश और प्रदेश का नाम रोशन करने वाले सीआईडी, हल्द्वानी में तैनात उपनिरीक्षक मुकेश पाल ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय में शिष्टाचार भेंट की। उपनिरीक्षक मुकेश पाल ने इस प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए एक रजत (सिल्वर) और एक कांस्य (ब्रॉन्ज) पदक जीतकर देश को गौरवांवित किया है। उनकी इस ऐतिहासिक (शेष पृष्ठ सात पर)






श्रद्धांजलि सभा

अत्यंत दु:ख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे पूज्य पति **श्री अनिल साहनी जी** का आकस्मिक निधन दिनांक 17.07.2025 को हो गया है, जिनकी आत्मिक शांति हेतु **श्रद्धांजलि सभा दिनांक १९.०७.२०२५ दिन शनिवार** को दोपहर 2 से 3 बजे स्थान श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर (पांच मंदिर), रूद्रपुर में सम्पन्न होगी। सभी स्नेहीजन एवं परिचितों से निवेदन है कि दिवंगत आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना सभा में सपरिवार सादर पधारें।

शोकाकुल परिवार

**मधु साहनी ( धर्मपत्नी )**
हेनू शाह-रजत शाह(पुत्री-दामाद
संजय साहनी-गीता साहनी ( भाई-भाभी))
तरूण साहनी-सरिता साहनी (पुत्र-पुत्रवधु)
नवनीश साहनी-निर्मल साहनी (पुत्र-पुत्रवधु)
अक्षय साहनी-यशिका साहनी (पुत्र-पुत्रवधु)

# चरण धोकर सीएम धामी ने किया कांवड़ियों का स्वागत

## गंगाजल लेने हरिद्वार आये कांवडियों एवं शिव भक्तों पर हेलीकॉप्टर से की गई पुष्प वर्षा,भगवा ध्वज लगाने की घोषणा







देहरादून( उद संवाददाता)। देवभूमि उत्तराखण्ड के तीर्थ नगरी हरिद्वार में गंगा सभा एवं भारतीय नदी परिषद के तत्वाधान में गंगा तट पर विश्व के सबसे ऊँचे 251 फीट भगवा ध्वज की मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने की घोषणा ।मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने हरिद्वार पहुँचकर ओम पुल के निकट गंगा घाट पर आयोजित प्रतिभाग किया तथा देशभर से आए शिवभक्त कांवड़ियों के चरण धोकर स्वागत किया व उन्हें सम्मानित किया। उन्होंने आयोजित भजन सन्ध्या में भी प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि शिव भक्त कांवड़ियों का पैर पखार कर उनका आशीर्वाद लेने का अवसर प्राप्त हुआ। उन्होंने सफल आयोजन के लिए हरिद्वार पुलिस सहित सभी प्रशासनिक अधिकारियों, एचआरडीए को बधाई दी। उन्होंने कहा कि जल अर्पित करने मात्र से ही भगवान शिव अपने सभी भक्तों की मनोकामनायें पूरी कर देते है, और श्रावण मास में तो भगवान शिव की भक्ति का प्रभाव अत्यधिक बढ़ जाता है। देशभर से सैकड़ो-हजारों किलोमीटर की यात्रा करके शिव भक्त कांवड़िये धर्म नगरी हरिद्वार से गंगा का जल लेकर जाते है और जलाभिषेक करते हैं। उन्होंने कहा कि कांवड यात्रा न केवल श्रद्धा एवं आस्था का प्रतीक है बल्कि यह हमें सेवा में पुण्य का भागीदार बनने का भी अवसर देती है। इस वर्ष की अभी तक कांवड यात्रा पर एक करोड़ से अधिक शिव भक्त कांवड़ियों ने अपने-अपने गंतव्य को प्रस्थान कर लिया है।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकास के साथ-साथ संस्कृति के संरक्षण के लिए बहुत पुनरोत्थान के कार्य भी चले रहे है, चाहें काशी विश्वनाथ कोरिडोर, अयोध्या में भव्य राम मन्दिर बनने की बात करें या उज्जैन में बनने वाला महाकाल, हमारे देवभूमि उत्तराखण्ड में केदारनाथ का नवनिर्माण या बद्रीविशाल का मास्टर प्लान हो, इन सभी पर कार्य चल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने हमारे राज्य में प्रथम ध्वज वाहक बनकर आदि कैलाश यात्रा को पूरे विश्व में प्रसिद्धि दिलाने का काम किया है। वह देश के प्रथम प्रधानमंत्री है जिन्होंने साढे़ 17 हजार फुट की ऊँचाई पर जाकर सीमांत क्षेत्र में भगवान आदि कैलाश व पार्वती कुण्ड के दर्शन किये। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में मां गंगा के तट पर हरिद्वार-ऋषिकेश कॉरिडोर का निर्माण कराया जाना प्रस्तावित है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में हरिद्वार धर्मनगरी का भी काशी,






अयोध्या की भाँति अपने भव्य स्वरूप में दर्शन हो जाया करेंगें।मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार इस पवित्र धार्मिक और सांस्कृतिक यात्रा को सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए संकल्पबद्ध होकर कार्य कर रही है। इसके लिए हमने पहली बार एक विशिष्ट मोबाइल एप के साथ स्वास्थ्य केन्द्र, शौचालय, पार्किंग, टिन शेड विस्तार, विश्राम स्थलों की पर्याप्त व्यवस्था की है। आपकी यात्रा में कोई असुविधा न हो साथ ही प्रशासन द्वारा यात्रा मार्ग एवं हरिद्वार क्षेत्रों में होटल एवं ढाबों में गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने की मॉनिटरिंग भी की जा रही है। यात्रा के दौरान सुरक्षा के मजबूत इंतजाम किये गये है, धर्मनगरी हरिद्वार में सीसीटीवी कैमरों और ड्रोन कैमरों के माध्यम से निगरानी की जा रही हैं। लगभग तीन सौ से ज्यादा कैमरे कांवड़ क्षेत्र में लगाये गये है। कांवड़ मेला क्षेत्र में वाटर एंबुलेंस की व्यवस्था भी की है, जाम में फंसे गंभीर मरीजों को गंगा नदी और गंगनहर के जरिये जल्द से जल्द निकटवर्ती अस्पतालों तक पहुँचायें जा सके। कांवड मेंला केवल एक धार्मिक आयोजन ही नही हमारी आस्था श्रृद्धा और सनातन संस्कृति का प्रतीक है। हमारा सौभाग्य है कि हर साल करोंड़ों-करोंडों शिव भक्तों का सेवा करने का सुअवसर प्राप्त होता है। जहां भक्ति है वहां मर्यादा की भी आवश्यकता है, जहां आस्था है वहां अनुशासन भी जरूरी है, और जहां शिव है वहां शान्ति भी स्वाभाविक है। लेकिन हाल ही में कुछ घटनाएं भी सामने आई है, जहां कुछ स्थानों पर कांवड़ यात्रा के दौरान उपद्रव और अनुशासनहीनता भी देखने को मिल रही है। उन्होंने कहा कि शिव शक्ति कोई प्रदर्शन नहीं बल्कि एक आंतरिक साधना है। उन्होंने कहा कि भगवान महादेव को जलाभिषेक करने, जल अर्पित करने एवं उनकी आराधना करने की पवित्र यात्रा एवं अनुष्ठान है। उन्होंने कहा कि महादेव को प्रसन्न करने के लिए, अपनी मनोकामना को पूर्ण करने के लिए, अपना शोधन करने लिए इस यात्रा को करते हैं। उन्होंने भगवान आशुतोष से प्रार्थना की कि इस बार की कांवड़ यात्रा आपके भीतर शिव तत्व को जागृत करें, इसके लिए आपको प्रसन्न रहकर शान्तिपूर्ण आचरण करना होगा। उन्होंने कहा कि देवभूमि उत्तराखण्ड की यह पुण्य भूमि केवल आप सभी का स्वागत ही नहीं करती है, बल्कि आपकी सेवा को अपना शौभाग्य मानती है। इसलिए संरकार, शासन एवं प्रशासन, स्वयं सेवी संगठन, डॉक्टर्स, सफाई कर्मी, व्यापार मण्डल, श्री गंगा सभा, जनप्रतिनिधिगण, सन्तगण सभी मिलकर कांवड़ यात्रा का संयोजन करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड को देश का अग्रणीय राज्य बनाने के लिए हमने विकल्प रहित संकल्प के साथ हम निरन्तर कार्य कर रहे हैं, उसका परिणाम भी आ रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी दिशा बिल्कुल सही लक्ष्य की ओर बढ़ रही है, नीति आयोग भारत सरकार ने इण्डेक्स में पूरे देश के अन्दर सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने में देवभूमि उत्तराखण्ड ने देश के अन्दर पहला स्थान प्राप्त किया है। इसके साथ ही बेरोजगारी दर राष्ट्रीय स्तर से कम हुई है। उन्होंने कहा कि हमने नकल विरोधी कानून बनाया है, इसके बनने के बाद 24 हजार से अधिक नियुक्तियां बिना किसी नकल व बिना भ्रष्टाचार के सम्पन्न हो गई हैं। उन्होंने कहा कि नकल माफिया जेल की सलाखों के पीछे हैं। उन्होंने कहा कि विकास के साथ-साथ प्रदेश की संस्कृति के संरक्षण के लिए भी काम किया है, सख्त धर्मान्तरण विरोधी कानून लागू किया है, दंगा विरोधी कानून, समान नागरिकता कानून लागू किया है, वहीं लव जिहाद, लैण्ड जिहाद और थूक जिहाद के खिलाफ भी कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सनानत की आड़ में विधर्मियों द्वारा छद्म वेष बनाकर भोले भाले लोगों को ठगने के खिलाफ भी ऑपरेशन कालनेमि चला रहे हैं। इस ऑपरेशन के माध्यम से छद्म वेशधारियों को पकड़ने का काम कर रहे है, जोकि सनातन धर्म को नुकसान पहॅुचाने एवं हिन्दु धर्म को बदनाम करने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों में श्रीमद् भागवत गीता के पाठ को भी अनिवार्य कर दिया है। पिछले दो दिनों से सभी स्कूलों में विद्यार्थी गीता का पाठ कर रहे हैं, जिससे हमारे प्रदेश के बच्चे शिक्षा के साथ-साथ जीवन जीने की कला को भी सीख पायें, शिक्षा के साथ-साथ अपने अध्यात्म के प्रति भी उत्सुकता भी जागृत हो। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि यात्रा की सफलता एवं श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए जो भी दिशा-निर्देश जारी किये हैं, उनका अनुपालन करें, यात्रा को सफल बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें।इस दौरान अखाड़ा परिषद अध्यक्ष महंत रविंद्र पुरी, राज्यसभा सासंद कल्पना सैनी, राज्यमंत्री ओमप्रकाश जमदग्नि, शोभाराम प्रजापति, देशराज कर्णवाल, हरिद्वार मेयर किरण जैसल, रुड़की मेयर अनीता देवी, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण चौधरी, विधायक प्रदीप बत्रा, आदेश चौहान, मदन कौशिक, जिलाध्यक्ष हरिद्वार आशुतोष शर्मा, जिलाध्यक्ष रुड़की मधु, श्रीगंगा सभा अध्यक्ष नितिन गौतम, महामंत्री तन्मय वशिष्ठ, सभापति कृष्ण कुमार ठेकेदार, पूर्व विधायक संजय गुप्ता, प्रणव सिंह चौंपियन, जिलाधिकारी मयूर दीक्षित, आईजी राजीव स्वरूप, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेंद्र सिंह डोभाल, महामंडलेश्वर ललितानंद गिरि सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

# पेयजल निगम के अधीक्षण अभियंता को किया निलम्बित

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के सरकारी दायित्वों के निर्वहन में कार्मिकों द्वारा किये जा रहे कदाचार के प्रकरणों पर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है, इसी क्रम में अध्यक्ष उत्तराखण्ड पेयजल निगम शैलष बगोली द्वारा कर्मचारी आचरण नियमावली के उल्लंघन पर सुजीत कुमार विकास प्रभारी मुख्य अभियंता (कु0) मूल पद अधीक्षण अभियंता उत्तराखण्ड़ पेयजल निगम हल्द्वानी को तत्काल प्रभाव से निलम्बित किया गया है। अध्यक्ष उत्तराखण्ड पेयजल निगम द्वारा जारी कार्यालय ज्ञाप में स्पष्ट किया गया है कि श्री सुजीत कुमार विकास के विरूद्ध श्री संजय कुमार पुत्र चन्द्रपाल सिंह ने अपने शिकायती-पत्र में उल्लेख किया है कि वह पानी की योजनाओं में पेटी पर कार्य करता है। वर्ष 2022 में सुजीत कुमार विकास, तत्कालीन अधीक्षण अभियन्ता, निर्माण मण्डल, उत्तराखण्ड पेयजल निगम, देहरादून द्वारा संजय कुमार की फर्म मै० हर्ष इंटरप्राइजेज का उत्तराखण्ड पेयजल निगम में पंजीकरण करवाने एवं विभाग में कार्य दिलाने का आश्वासन दिया। इसके एवज में श्री सुजीत कुमार विकास के कहने पर श्री संजय कुमार ने अपनी प्रोपराईटरशीप फर्म मै० हर्ष इंटरप्राइजेज के माध्यम से बैंक ऑफ बड़ौदा, फायर स्टेशन के पास बाजपुर रोड, काशीपुर के बैंक खाता सं० 53930200001457 से मै० कुचु-पुचु इंटरप्राइजेज के कोटक महिन्द्रा बैंक खाते में दिनांक 06.07.2022. दिनांक 06.07.2022. दिनांक 07.07. 2022, दिनांक 07.07.2022 एवं दिनांक 08.06.2022 को रू0 2.00 लाख की पांच किस्तों में कुल रू0 10. 00 लाख, स्थानान्तरित किये गये। विभाग में उपलब्ध अभिलेखों के अवलोकन से ज्ञात होता है कि मै० कुचु-पुचु इन्टरप्राईजेज, वह फर्म है, जिसकी पार्टनर श्री सुजीत कुमार विकास की पत्नी श्रीमती रंजु कुमारी हैं। श्री सुजीत कुमार विकास को स्पष्टीकरण हेतु 15 दिनों का समय दिया गया था, परन्तु सुजीत कुमार विकास द्वारा अतिथि तक कोई प्रत्युत्तर प्रस्तुत नहीं किया गया है। अध्यक्ष उत्तराखण्ड पेयजल निगम द्वारा स्पष्ट किया गया है कि श्री सुजीत कुमार विकास के विरुद्ध उपरोक्त आरोप बेहद गम्भीर प्रकृति के हैं तथा श्री सुजीत कुमार विकास द्वारा किया गया उपरोक्त कृत्य उत्तराखण्ड पेयजल निगम कर्मचारी आचरण विनियमावली का स्पष्ट उल्लंघन होना दर्शाता है। सुजीत कुमार विकास के प्रभारी मुख्य अभियन्ता (कु०), हल्द्वानी के पद पर बने रहने से विभाग के अन्य अधिकारियों/कर्मचारियों के कार्यों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ना स्वाभाविक है। अत: उत्तराखण्ड पेयजल निगम कार्मिक (अनुशासन एवं अपील) विनियमावली में निहित प्राविधानों के तहत सुजीत कुमार विकास, अधीक्षण अभियंता को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। निलम्बन की अवधि में सुजीत कुमार विकास, कार्यालय महाप्रबंधक (प्रशिक्षण), मानव संसाधन प्रकोष्ठ, उत्तराखण्ड पेयजल निगम, रुड़की में सम्बद्ध रहेंगे।

# मदरसों में स्कॉलरशिप वितरण में हुयी धांधली की जांच के आदेश

## सरस्वती शिशु मंदिर के नाम से अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति लेने के बाद मचा हड़कंप

देहरादून (उद संवाददाता)। सरस्वती शिशु मंदिर हाई स्कूल को कागजों में अल्पसंख्यक विद्यालय या मदरसा दर्शाकर केंद्रीय सरकार द्वारा पोषित विद्यालयों को दी जाने वाली छात्रवृत्ति दिये जाने के प्रकरण की जानकारी होने पर मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने गहनता से जांच करने के आदेश विशेष सचिव अल्पसंख्यक कल्याण विभाग को दिए हैं। अब इस मामले की जांच विशेष सचिव अल्पसंख्यक कल्याण डॉ. पराग मधुकर धकाते द्वारा की जा रही है। जानकारी के अनुसार उधम सिंह नगर जिले में 2021-2022 और 2022-2023 के राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल पर दर्ज किए अल्पसंख्यक छात्रवृति आवेदकों की प्रमाणिकता जांचने के लिए उधमसिंह नगर जिले के 796 बच्चों के दस्तावेजों की जानकारी मांगी गई थी। इनमें से 6 मदरसों/शिक्षण संस्थानों में पढ़ने वाले 456 बच्चों के बारे में जानकारी संदिग्ध पाई गई है। खास बात ये है कि इन स्कूलों में सरस्वती शिशु मंदिर हाईस्कूल किच्छा का नाम भी शामिल है। यहीं से इस मामले में धांधली होने का मामला सामने आया है क्योंकि एक तो सरस्वती शिशु मंदिर अल्पसंख्यक विद्यालय नहीं होता दूसरा इसका संचालक मोहम्मद शारिक-अतीक बताया गया है। राष्ट्रीय छात्रवृति पोर्टल के अनुसार यहां 154 मुस्लिम बच्चों का पढ़ना बताया गया है। राष्ट्रीय छात्रवृति पोर्टल पर ये नाम देखकर सरकार भी चौंकी है जिसके बाद ही मुख्यमंत्री धामी ने गहनता से जांच करने के निर्देश दिए है। जानकारी के अनुसार काशीपुर के नेशनल अकादमी जेएमवाईआईएच एस में पढ़ने वाले 125 मुस्लिम छात्रों और इसके संचालक गुलशफा अंसारी, मदरसा अल जामिया उल मदरिया के 27 बच्चों का और उसके संचालक मोहम्मद फैजान का सत्यापन भी किए जाने के निर्देश जारी किए गए है। इसके अलावा मदरसा अल्बिया रफीक उल उलूम घनसारा बाजपुर के संचालक जावेद अहमद और यहां के 39 बच्चों, संभवत: इसी जावेद अहमद के नाम से गदरपुर के मदरसा जामिया आलिया के 24 बच्चों के बारे में भी दस्तावेज जांचने और मदरसा जामिया रजा उल उलूम बाजपुर के 85 बच्चों और संचालक इरशाद अली के सत्यापन करने के निर्देश दिए गए हैं। उधम सिंह नगर के जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी नंदिनी सिंह को इन सभी मामलों की गहनता से जांच पड़ताल करने के लिए सचिव अल्पसंख्यक कल्याण ने निर्देश दिए हैं। मामला संज्ञान में आने के बाद मुख्यमंत्री धामी के निर्देश पर राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल में दर्ज उत्तराखंड राज्य के ऐसे सभी अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थानों के बारे में आवेदकों के सत्यापन, भुगतान के विषय में बैंक खातों की जानकारी, संचालकों और विद्यार्थियों दोनों के जांचने के निर्देश देते हुए दो हफ्तों में रिपोर्ट देने को कहा है। इस संबंध में विशेष सचिव अल्पसंख्यक कल्याण डॉ. पराग मधुकर धकाते ने बताया कि सरस्वती शिशु मंदिर के नाम से एक वर्ग विशेष द्वारा अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति के मामले संज्ञान में आने साथ ही अन्य मदरसों के द्वारा राष्ट्रीय छात्रवृति में दर्ज आवेदनों को लेकर संदेह पैदा हुआ है, माननीय मुख्यमंत्री द्वारा इस मामले की गहनता से जांच करने के निर्देश प्राप्त हुए हैं। इस पर पूरे राज्य में जांच की जा रही है साथ ही केंद्र सरकार के मंत्रालय से भी संवाद किया जा रहा है। सीएम धामी का कहना है कि राज्य में राष्ट्रीय छात्रवृति पोर्टल में दी गई आवेदकों की जानकारी संदेहजनक प्रतीत हुई है, जिसमें सरस्वती शिशु मंदिर के नाम से छात्रवृति का प्रकरण भी सामने आया है जिसकी जांच करने के लिए अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के विशेष सचिव को निर्देशित किया गया है। देवभूमि में भ्रष्टाचार के मामलों को किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

# गदरपुरा जिपं सीट पर नामांकन के बाद चुनाव मैदान से हट गई सरोज रानी

## कांग्रेस ने दिया निर्दलीय रेखा कंबोज को समर्थन

गदरपुर(उद संवाददाता)।जिला पंचायत की गदरपुरा सीट पर नामांकन करवाने के बाद प्रचार में उतरी कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी सरोज रानी ने अचानक मैदान से हटने का निर्णय लेकर सबको असमंजस में डाल दिया है। नाटकीय घटनाक्रम से कांग्रेस में हड़कंप मच गया और फजीहत से बचने के लिए आनन फानन में निर्दलीय प्रत्याशी रेखा कंबोज को पार्टी ने समर्थित प्रत्याशी घोषित कर दिया गया। इस घटनाक्रम से हाई कमान में नाराजगी है माना जा रहा है कि हाई कमान अब सरोज के टिकट की पैरवी करने वालों पर कार्रवाई कर सकता है। कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष संगठन सूर्यकांत धस्माना ने 4 जुलाई को जिला पंचायत के 24 समर्थित प्रत्याशियों की सूची जारी की थी, इसमें गदरपुरा की पिछड़ा वर्ग महिला सीट पर सरोज रानी का नाम घोषित किया गया था। सरोज ने नामांकन दाखिल कर प्रचार भी शुरू कर दिया था, मंगलवार की रात सरोज ने अचानक चुनाव नहीं लड़ने की घोषणा कर पार्टी और अपने समर्थकों को हैरत में डाल दिया। प्रत्याशी की ओर से इसकी वजह नगर पालिका और ग्राम पंचायत दोनों जगह मतदाता सूची में नाम होना बताया, खुद को कांग्रेस का सिपाही बताते हुए हाईकोर्ट के आदेश का पालन करते हुए निर्णय लेने की बात कही गई है। इधर सरोज के चुनाव न लड़ने की घोषणा के बाद कांग्रेस नेताओं ने किरकिरी से पार्टी को बचाने के लिए कड़ी मशक्कत करनी शुरू कर दी। इस सीट पर निर्दलीय नामांकन करने वाली रेखा कंबोज से संपर्क किया गया और आखिरकार रेखा कंबोज को पार्टी ने समर्थित प्रत्याशी घोषित कर दिया हालांकि रेखा ने पहले क्षेत्र में दो से अधिक बार सीटों पर बीडीसी का नामांकन किया था और फिर नामांकन वापस ले लिए गए थे। ब्लॉक प्रमुख के लिए उनके नाम की चर्चा खूब थी,लेकिन उन्होंने गदरपुरा जिला पंचायत सीट से नामांकन दाखिल कर दिया था। इस सीट पर नामांकन करने वाली रेखा कंबोज कांग्रेस समर्पित परिवार से है। वही सरोज रानी के चुनाव न लड़ने की घोषणा और कांग्रेस द्वारा रेखा कंबोज को समर्थन दिए जाने के निर्णय से अन्य प्रत्याशियों में हड़कंप मच गया है उन्हें दिन में तारे नजर आने लगे हैं और अपनी जीत सुनिश्चित मानकर चल रहे थे अब जमानत जब्त होने की आशंका से भयभीत हैं। अन्य प्रत्याशियों के समर्थक तिकड़म लगाने और लोगों को लालच देकर मत प्राप्त करने के जोड़ तोड़ लग रहे हैं।

# 24.01 ग्राम स्मैक के साथ तीन युवक गिरफ्तार

## पुलिस पर हमला,दर्जनभर से अधिक लोगों पर कार्रवाई

गदरपुर(उद संवाददाता)।पंचायती चुनावों को लेकर पुलिस द्वारा चलाए जा रहे चेकिंग अभियान के तहत थाना गदरपुर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। ग्राम खुशालपुर में चेकिंग के दौरान पुलिस टीम ने 24.01 ग्राम स्मैक बरामद करते हुए तीन युवकों को गिरफ्तार किया। वहीं, इस कार्रवाई का विरोध करते हुए भीड़ ने पुलिस टीम पर हमला कर दिया, जिसके चलते राजकार्य में बाधा एवं फौजदारी का मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार परमजीत सिंह निवासी ग्राम जसपुर डाम, थाना जसपुर तथा अमरजीत सिंह व कमलजीत सिंह निवासी ग्राम खुशालपुर, थाना गदरपुर को संदिग्ध अवस्था में पकड़ा गया। तलाशी के दौरान इनके पास से काले रंग की पन्नी में लिपटी 24.01 ग्राम स्मैक बरामद हुई। बरामदगी की कार्यवाही के दौरान जब पुलिस टीम अमरजीत सिंह के घर के पास पहुँची, तो वहां मौजूद 20-25 लोगों की भीड़ ने पुलिस कार्य में बाधा उत्पन्न की। भीड़ ने लाठी-डंडों से लैस होकर पुलिस बल पर हमला कर दिया। हमले में पुलिस की वर्दी भी फाड़ दी गई तथा आरोपियों को छुड़ाने का प्रयास किया गया। पुलिस ने मामले में अमरजीत पुत्र सतपाल सिंह, सुखदेव सिंह उर्फ रिंकू पुत्र ज्ञान सिंह, ज्ञान सिंह पुत्र स्व. लाल सिंह, प्रिन्स पुत्र अमरजीत सिंह, परमजीत की पत्नी, सिमरन पत्नी कमलजीत सिंह, रीना पत्नी सोना सिंह, बलविंदर कौर पत्नी सुखदेव सिंह तथा अन्य 10 अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया है

# भारत विकास परिषद ने किया पौधारोपण

गदरपुर (उद संवाददाता)।भारत विकास परिषद शाखा गदरपुर द्वारा हरियाली एवं पर्यावरण के प्रतीक उत्तराखंड के लोक पर्व हरेला के शुभ अवसर पर शहनाई वाटिका बारात घर के सामने आवाज विकास बायपास रोड पर पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर प्रांतीय संगठन सचिव रविंद्र बजाज शाखा



अध्यक्ष राजीव ग्रोवर सचिव डॉक्टर सोनू विश्वास कोषाध्यक्ष विनीत अरोड़ा महिला संयोजीका अंजू भुड्डी पर्यावरण संयोजक बंटी छाबड़ा नगर पालिका अध्यक्ष मनोज गुम्बर सभासद रमान छाबड़ा, डॉ अजय श्रीवास्तव, डॉ अरविंद धवन, राजकुमार भुड्डी, गौरव मदान, सतीश बत्रा, प्रमोद बजाज, बलदेव गाबा, पंकज बजाज, मदन हुड़िया, नीरज गुम्बर, मंजु नारंग, सीमा चौधरी, सुमन राजदेव, परमजीत कौर,लाडी बाई, ममता बजाज आदि लोगों द्वारा पौधारोपण किया गया।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने न्यायालय परिसर में किया पौधारोपण

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, नैनीताल एवं उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय नैनीताल के निर्देशानुसार जिला न्यायालय परिसर के अन्तर्गत जिला बार एसोसिएशन उधम सिंह नगर एवं आस-पास के क्षेत्रों में सिकन्द कुमार त्यागी जिला न्यायाधीश अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता में जिला बार एसोसिएशन के सहयोग से पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला न्यायालय परिसर रूद्रपुर में भी सिकन्द कुमार त्यागी जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता एवं उपस्थिति में जिला न्यायाधीश द्वारा इस अवसर पर आवहान किया गया कि उत्तराखण्ड देव भूमि है और प्रकृति की गोद में बसा हुआ पर्वतीय राज्य है। हम सब को यहां की वन सम्पदा को संरक्षित रखने के लिए समय समय पर पौधारोपण करते रहना चाहिए जिससे कि हमारा राज्य पेड़ पौधों से हरा भरा रहे। इस अवसर पर अध्यक्ष, जिला बार ऐसोसिएसन दिवाकर पाण्डेय द्वारा उपस्थित सदस्यों को वृक्षों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी से अपील की कि वे अधिक से अधिक पेड लगाएं



और उनकी देखभाल करें, जिससे आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण मिल सकें। इस पौधारोपण कार्यक्रम में योगेन्द्र कुमार सागर सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, उधम सिंह नगर, दिवाकर पाण्डेय, अध्यक्ष, जिला बार ऐसोसिएसन रूद्रपुर, मनीष मिश्रा, प्रधान परिवार न्यायाधीश, परिवार न्यायालय रूद्रपुर, मीना देउपा, द्वितीय अपर जिला जज, मुकेश आर्या, तृतीय अपर जिला जज, जयेन्द्र सिहं, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, गुजंन सिंह, सिविल जज सीनियर डिविजन, हेमन्त सिंह, प्रथम अपर सिविल जज, संगीता रानी, अपर जिला जज एफटीएससी, अश्विनी गौड़, अपर जिला जज पोक्सो, इन्दु शर्मा, तृतीय अपर सिविल जज सीनियर डिविजन, नीरज कुमार, चतुर्थ अपर सिविल जज, सीनियर डिविजन, शमा परवीन, पंचम अपर सिविल जज, सीनियर डिविजन, रिजवान अंसारी, सिविल जज, जूडि, शम्भू नाथ सेठवाल, सिविल जज, जूडि, जिला शासकीय अधिवक्ता (सिविल) बरीत सिंह, सर्वेस कुमार सिंह सचिव, जिला बार ऐसोसिएसन रूद्रपुर, उमेश नाथ पाण्डेय, सर्वजीत सिंह, एमपी तिवारी, जे एन मिश्रा, लक्ष्मी नारायण पाटवा, चन्द्रशेखर कोरंगा, सुशीला मेहता बिष्ट, अकिंता तिवारी, मनीष सिंह, दुर्गेश मोहन आदि वरिष्ठ अधिवक्ताआ एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, उधम सिंह नगर के स्टाफ व जिला न्यायालय के स्टाफ एवं पुलिस कर्मचारीगण के द्वारा भी इस कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया।

# डेढ़ साल बाद लापता बालक को हरियाणा से किया बरामद,माता पिता के चेहरे खिले

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। किच्छा से डेढ़ साल पूर्व लापता 10 वर्षीय बालक को पुलिस ने हरियाणा के अम्बाला शहर से सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। बेटे को गले लगाते ही मां की आंखों से खुशी के आंसुओं की धारा बहने लगी। बताया जाता है कि किच्छा निवासी बालक 10 वर्षीय हिमांशु एक अज्ञात भिक्षुक से डर जाने के कारण रास्ता भटक गया था और डरते हुए ट्रेन में चढ़ गया। जिसके बाद हिमांशु शहर से करीब 400 किलोमीटर दूर हरियाणा के अंबाला पहुंच गया था। जिला एंटी ह्यूमन की टीम ने काफी परिश्रम के बाद उसका पता लगाया। बेटे से मिलकर माता-पिता के चेहरे खिल गए। पुलिस के मुताबिक किच्छा नई सुनहरी निवासी एक 10 वर्षीय बालक हिमांशु जो करीब डेढ़ साल पहले अचानक लापता हो गया था। उसके ताऊ सूर्य प्रकाश शर्मा ने 11 मई 2024 को कोतवाली में उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बच्चे को तलाशने के लिए गठित की गई टीम ने सोशल मीडिया पर उसकी फोटो के साथ विवरण लोड किया था। हिमांशु 11 मई को ही अम्बाला रेलवे स्टेशन पर लावारिस हालत में पुलिस को घूमता हुआ मिला था। उस समय उसे बाल कल्याण समिति के सुपुर्द किया गया था। जिसके बाद उसे राधा कृष्ण बाल आश्रम नारायणगढ़ हरियाणा में रखा गया था। पहचान होने पर ऊधम सिंह नगर पुलिस की टीम ने हरियाणा के अंबाला में जाकर उसे खोज निकाला औपचारिकतायें पूरी करने के बाद उसे परिजनों से मिलवाया। पूछताछ में बच्चे ने बताया कि वह एक अज्ञात भिक्षुक से डरकर घर से भाग गया था और किच्छा से ट्रेन में बैठ गया था। पुत्र की बरामदगी होने पर परिजनों ने पुलिस टीम की प्रशंसा कर आभार व्यक्त किया।

# विद्यार्थियों को बताए तम्बाकू सेवन से होने वाले दुष्प्रभाव

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत सोशल वर्कर श्रीमती माया खकरियाल एवं परामर्शदाता श्रीमती दशमेश कौर द्वारा राजकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, पीएसी, रुद्रपुर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यालयी छात्र-छात्राओं को सिगरेट एवं अन्य तम्बाकू उत्पादों के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावो के प्रति अवगत कराना रहा। उन्होंने बताया कि विद्यालयी छात्रों की तम्बाकू की जद में आने की संभावना सबसे अधिक होती है एवं तम्बाकू उद्योगों द्वारा भी आकर्षक पैकेजिंग के माध्यम से छात्रों को उत्पादों के प्रति आकर्षित किया जाता है। छात्रों को अभिवावकों को भी तम्बाकू उत्पादों से होने वाले दुष्प्रभावो के प्रति अवगत किये



जाने हेतु संवेदिकृत किया गया है। टीम द्वारा छात्रों को यह भी अवगत कराया गया कि तम्बाकू मुख, गले एवं छाती के कैंसर का प्रमुख कारक है ৳ साथ ही छात्रों को सीओटीपीए, 2003 के प्रति भी अवगत कराया गया। जिसमे सार्वजानिक स्थानों में धूम्रपान का निषेध एवं विद्यालय के समीप तम्बाकू विक्रय पर प्रतिबन्ध आदि शामिल हैं।

# जिला बार एसोसिएशन ने पौधारोपण के साथ मनाया हरेला पर्व

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड की लोकसंस्कृति एवं पर्यावरण संरक्षण को समर्पित हरेला पर्व के उपलक्ष्य में जिला बार एसोसिएशन, उधम सिंह नगर के तत्वावधान में जिला बार भवन परिसर में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जनपद न्यायाधीश माननीय सिकन्द कुमार त्यागी, जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दिवाकर पाण्डेय, नवनियुक्त मुख्य चुनाव अधिकारी नवीन चन्द, सहायक चुनाव अधिकारी उमेश नाथ पाण्डेय एवं वरिष्ठ अधिवक्ता भूपेन्द्र सिंह द्वारा माँ शारदे की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम का संचालन सहायक चुनाव अधिकारी उमेश नाथ पाण्डेय ने किया। इस अवसर पर उपस्थित वरिष्ठ अधिवक्ताओं एवं न्यायिक अधिकारियों ने उत्तराखंड के प्रमुख लोकपर्व हरेला के महत्व पर प्रकाश डाला। अपने अध्यक्षीय संबोधन में जिला बार अध्यक्ष दिवाकर पाण्डेय ने कहा कि हरेला केवल पर्व नहीं, बल्कि प्रकृति और मानव के बीच की एक गहरी कड़ी है। यह पर्व हमें पर्यावरण की महत्ता का बोध कराता है। हर नागरिक को इस दिन कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए, जिससे आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ पर्यावरण मिल सके। मुख्य अतिथि जनपद न्यायाधीश



सिकन्द कुमार त्यागी ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में कहा कि हरेला शब्द ही हरियाली से जुड़ा है और यह पर्व पर्वतीय समाज की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। यह पर्व न केवल पर्यावरण संरक्षण का संदेश देता है, बल्कि हमें मिट्टी, पहाड़, नदी और पेड़-पौधों से जुड़ने की प्रेरणा भी देता है। उन्होंने आगे कहा हरेला का यह दिन प्रतिवर्ष आता रहे, वंश परिवार दूब की तरह पनपता रहे, जीवन को धरती का विस्तार और आकाश जैसी ऊँचाई मिले। हिमालय में हिम और नदियों में जल जब तक बहता रहे, तब तक मनुष्य भी इस धरा पर फलता-फूलता रहे। कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिवक्ता डी.एन. जायसवाल, नन्दन सिंह धामी, महेश बब्बर, सुरेन्द्र गिरधर, गुरबाज सिंह, सुशीला मेहता, उमा गक्खर, नरेश रस्तोगी, परवेज आलम, खड़ग सिंह विर्क, वीरेन्द्र गोस्वामी, पियूष पंत, शाहिद हुसैन, राजेश्वरी कपिल, राघव सिंह, रामनिवास राय, मक्खन सिंह, विनोद सिंह, अजय नारायण यादव, सुधीर सिंह, राजेन्द्र चन्द, अनिल गम्भीर, राधेश्याम शुक्ला, चरनजीत सिंह, सिद्धनाथ मिश्रा, सी. पी. जोशी, विकास तिवारी, कमल चिलाना, शिवकुंवर सिंह, दलजीत सिंह, मनोज, दिनेश गुलनातनेजा, पावेल कठायत, सर्वजीत सिंह, राजबहादुर वार्ष्णेय, के.एन. मिश्र समेत अनेक गणमान्य अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाएं करें सुदृढ़: धामी

देहरादून(उद संवाददाता)। स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा विशेष ध्यान दिया जाए। अस्पतालों में आवश्यक संसाधनों के सुदृढ़ीकरण की दिशा में कार्य किये जाए। यह सुनिश्चत किया जाए कि अस्पताल रेफरल सेंटर न बनें। जन स्वास्थ्य सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा ओनरशिप लेकर कार्य किये जाए। ये निर्देश मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को सचिवालय में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को दिये। मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव को निर्देश दिये कि स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने और अस्पतालों में जन स्वास्थ्य सुविधाओं को ध्यान में रखते



हुए स्वास्थ्य विभाग की अलग से बैठक करें। स्वास्थ्य विभाग के तहत मुख्यमंत्री घोषणाओं की अद्यतन स्थिति से भी अवगत कराने के निर्देश मुख्यमंत्री ने दिये हैं। बैठक में जानकारी दी गई कि राज्य के दूरस्थ क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए टेलीमेडिसिन के माध्यम से सुपर स्पेशलिस्ट को मेडिकल कॉलेज से जोड़ने की व्यवस्था की जा रही है। आयुष विभाग की बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि उत्तराखण्ड में दो स्पिरिचुअल जोन बनाये जाने की सीएम घोषणा के क्रियान्वयन की कार्यवाही में तेजी लाई जाए। उन्होंने कहा कि योग, वेलनेस और आयुष हमारी विरासत है, राज्य में हेल्थ और वेलनेस के अच्छे सेंटर बनाने की दिशा में तेजी से कार्य किये जाएं। राज्य में वेलनेस सेंटर और वेलनेस टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए प्रत्येक साल का लक्ष्य बनाकर कार्य किया जाए। पुराने हेल्थ और वेलनेस सेंटरों के उन्नयन की दिशा में भी कार्य किये जाएं। जीएमवीएन, केएमवीएन और वाइब्रेंट विलेज में भी हेल्थ और वेलनेस सेंटरों की संभावनाओं पर कार्य किया जाए। बैठक में जानकारी दी गई कि राज्य की योग नीति के तहत योग निदेशालय की स्थापना की जायेगी योग केन्द्रों का पंजीकरण किया जायेगा। नये योग केन्द्रों को प्रोत्साहित किया जायेगा। राज्य में निवेशक सम्मेलन के बाद आयुष के क्षेत्र में 1100 करोड़ रूपये की ग्राउंडिंग शुरू हो चुकी है। प्रदेश में 300 आयुष्मान आरोग्य मंदिर को एन.ए.बी.एच के मानकों के अनुरूप उच्चीकृत कराया जा रहा है। 149 आयुष्मान आरोग्य मंदिर का एन.ए.बी.एच प्रमाणीकरण का कार्य पूर्ण हो चुका है। समीक्षा के दौरान वर्चुअल माध्यम से स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत जुड़े थे। बैठक में उपाध्यक्ष अवस्थापना अनुश्रवण परिषद विश्वास डाबर, मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, प्रमुख सचिव आर.के. सुधांशु, सचिव आर राजेश कुमार, दीपेन्द्र चौधरी, श्रीधर बाबू अदांकी, निदेशक आयुष विजय कुमार जोगदण्डे, महानिदेशक स्वास्थ्य डॉ. सुनीता टम्टा, निदेशक चिकित्सा शिक्षा डॉ. आशुतोष सयाना एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## भागवत कथा में श्रोताओं को जीवन-मरण का भावार्थ समझाया

गदरपुर(उद संवाददाता)। सावन मास के पावन अवसर पर श्री पुरातन सनातन धर्म मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के अष्टम दिवस की कथा का भावपूर्ण आयोजन हुआ। कथा वाचक पंडित विजय कुमार शास्त्री जी ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए श्रीमद्भागवत महापुराण के गूढ़ तत्वों का सरल और सारगर्भित व्याख्यान प्रस्तुत किया। पंडित शास्त्री ने कथा के दौरान राजा परीक्षित के प्रसंग को विस्तार से समझाते हुए कहा कि भागवत कथा वह दिव्य ग्रंथ है, जो मरण को सुधारने का मार्ग दिखाता है और अंततः जीवन को भी दिशा देता है। यदि हम अपने जीवन के प्रत्येक क्षण को सुधार लें, तो मरण भी सुधर जाएगा। हमें अपने चित्त को बार-बार यह स्मरण कराना चाहिए कि इस संसार में ईश्वर के अतिरिक्त मेरा कोई नहीं है। उन्होंने आगे कहा यह शरीर भी एक दिन साथ छोड़ देगा, अतः यह भी मेरा नहीं है। जब शरीर ही मेरा नहीं, तो फिर यह 'मेरा' भाव किसका है? हमारे सारे रिश्ते-नाते इसी शरीर के कारण बने हैं। अतः सतत चिंतन करें कि ना तो मैं किसी का हूं और ना ही कोई मेरा है। यही वैराग्य की भावना ईश्वर के साक्षात्कार की दिशा में पहला कदम है। पंडित शास्त्री ने उपस्थित श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि वे प्रत्येक क्षण भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का श्रवण, कीर्तन और भजन करते रहें, क्योंकि यही मार्ग हमें सच्चे सुख और मोक्ष की ओर ले जाता है। आठवें दिन प्रसाद की व्यवस्था शिशु मंदिर रोड निवासी रोहिताश रस्तोगी के परिवार द्वारा की गई।





## आम आदमी पार्टी ने मीना देवी को दिया समर्थन

गदरपुर(उद संवाददाता)। सकैनिया ग्राम सभा में प्रधान पद की प्रत्याशी मीना देवी को आम आदमी पार्टी के बंगाली समाज के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष व्यापारी ने सकैनिया पहुंचकर अपना समर्थन दिया। इस दौरान सुभाष व्यापारी ने कहा कि पूर्व प्रधान मीना देवी और उनके पति संजय चौधरी द्वारा ग्राम सभा में किए गए विकास कार्यों से प्रभावित होकर उन्हें यह समर्थन दिया गया है। सुभाष व्यापारी ने कहा कि मीना देवी और संजय चौधरी ने अपने कार्यकाल में सकैनिया ग्राम सभा के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य किए हैं, जो उनके प्रति जनता का विश्वास और समर्थन बढ़ाते हैं।



उन्होंने कहा कि मीना देवी का अनुभव और विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता उन्हें ग्राम प्रधान के रूप में एक आदर्श उम्मीदवार बनाती है। उन्होंने कहा कि मीना देवी के नेतृत्व में ग्राम सभा का विकास होगा और लोगों की समस्याओं का समाधान होगा। मीना देवी के पास ग्राम सभा के विकास के लिए स्पष्ट दृष्टिकोण है और वे ग्राम सभा के लोगों के साथ मिलकर काम करेंगी। मीना देवी ने सुभाष व्यापारी और आम आदमी पार्टी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह समर्थन उनके लिए एक बड़ी प्रेरणा है और वे ग्राम सभा के विकास के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगी।




## अल्पसंख्यक आयोग उपाध्यक्ष फरजाना बेगम ने की सीएम से भेंट

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अल्पसंख्यक आयोग की उपाध्यक्ष फरजाना बेगम ने देहरादून स्थित शासकीय आवास पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने भगवान राम लला की भव्य प्रतिमा एवं कुरान शरीफ मुख्यमंत्री को समर्पित किया। उन्होंने कहा कि एक प्रतीक चिन्ह हमारे सांस्कृतिक गौरव, श्रद्धा और आस्था का प्रतीक हैं।राम लला की प्रतिमा और कुरान शरीफ भेंट करते हुए क्षण अत्यंत भावुक और प्रेरणादायक रहा, क्योंकि श्री धामी की नेतृत्वशैली स्वयं मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की तरह विनम्र, दृढ़ और जनसेवा को समर्पित है। इस भेंटवार्ता के दौरान अल्पसंख्यक आयोग से संबंधित विभागीय विषयों पर भी सार्थक चर्चा हुई। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने न केवल विषयों को गहराई से सुना, बल्कि अपनी सकारात्मक सोच, समावेशी दृष्टिकोण और तीव्र कार्यशैली से यह सिद्ध कर दिया कि वह वास्तव में एक जन-नेता हैं जो हर वर्ग, हर समुदाय के कल्याण हेतु संकल्पित हैं।उनका समर्पण और स्पष्ट विजन उत्तराखंड को विकास की नई ऊँचाइयों की ओर ले जा रहा है





# रुद्रपुर नगर निगम ने स्वच्छता सर्वेक्षण में मारी लंबी छलांग

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। स्वच्छ भारत मिशन के तहत हुए स्वच्छता सर्वेक्षण में रुद्रपुर नगर निगम ने ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। नगर निगम ने राष्ट्रीय स्तर पर 68वीं रैंक प्राप्त करते हुए अपने प्रदर्शन में जबरदस्त सुधार किया है। इसके साथ ही प्रदेश भर के नगर निगमों में रुद्रपुर ने पहला और शहरों में दूसरा स्थान प्राप्त किया है, जो नगर निगम प्रशासन, सफाई कर्मियों एवं आम नागरिकों की संयुक्त मेहनत का प्रतिफल माना जा रहा है।स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 में देश भर के कुल 4367 शहरों को शामिल किया गया था। इस सर्वेक्षण में उत्तराखण्ड के कुल 107 शहर शामिल हुए। नेशनल रैंकिंग में नगर निगम रूद्रपुर ने इस बार शानदार प्रदर्शन करते हुए 9596 अंकों के साथ 68वीं रैंक हासिल की है। जबकि प्रदेश के सभी नगर निगमों में रूद्रपुर ने पहला स्थान और शहरों में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। पिछले वर्ष स्वच्छता सर्वेक्षण में राष्ट्रीय स्तर पर रुद्रपुर नगर निगम की रैंकिंग 417वीं थी। एक वर्ष में नगर निगम ने 349 अंकों की लंबी छलांग लगाई है। जबकि राज्य स्तर पर पिछले वर्ष रूद्रपुर नगर निगम की रैकिंग 8 थी। जो इस बार पहले पायरदान पर है। प्रदेश स्तर पर राज्य के अन्य नगर निगमों की रैंकिंग की बात करें तो पिथौरागढ़ को 5, कोटद्वार को 9, ऋषिकेश को 10, देहरादून को 13, हल्द्वानी को 14, हरिद्वार को 20, काशीपुर को 21, रूड़की को 31, अल्मोड़ा को 36रैंक मिली है। नगर निगम की इस बड़ी उपलब्धि को लेकर महापौर विकास शर्मा और नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल ने नगर निगम के समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों, सफाईकर्मियों और शहरवासियों को बध



ाई दी। पत्रकार वार्ता में महापौर विकास शर्मा ने कहा कि यह उपलब्धि केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं, बल्कि शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने की दिशा में एक मील का पत्थर है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता रैंकिंग में यह सुधार रुद्रपुर को देश के अग्रणी स्वच्छ शहरों की सूची में स्थान दिलाने की दिशा में एक ठोस कदम है। यह उपलब्धि घर-घर कचरा संग्रहण, नियमित जागरूकता अभियान, तकनीकी उन्नयन, सतत निगरानी और ठोस कचरा प्रबंधन जैसे नवाचारों के माध्यम से संभव हुई है।महापौर विकास शर्मा ने बताया कि नगर निगम का लक्ष्य आगामी वर्षों में रुद्रपुर को देश के शीर्ष स्वच्छ शहरों में शामिल करना है। उन्होंने कहा कि नगर निगम द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता एवं सौंदर्यीकरण कार्यक्रम निरंतर जारी रहेंगे। आने वाले समय में गांधी पार्क सहित शहर के कई प्रमुख उद्यानों का सौंदर्यीकरण प्रस्तावित है। इसके अतिरिक्त कल्याणी नदी और नगर क्षेत्र की अन्य पुरानी नहरों व नालों की सफाई के लिए विशेष कार्य योजना बनाई गई है, जिससे आने वाले स्वच्छता सर्वेक्षण में रुद्रपुर की रैंकिंग में और अधिक सुधार हो सकेगा। महापौर ने स्पष्ट किया कि शहर को स्वच्छ, सुंदर और हरा-भरा बनाना केवल नगर निगम का ही कार्य नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी भी है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग दें, ताकि रुद्रपुर आने वाले वर्षों में देश का सबसे स्वच्छ शहर बन सके। नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल ने कहा कि यह सफलता नगर निगम की टीम भावना, सही रणनीति और नागरिकों के सक्रिय सहयोग का परिणाम है। उन्होंने बताया कि नगर निगम रूद्रपुर इससे पहले भी स्वच्छता में कई उपलब्धियां अपने नाम कर चुका है। नगर निगम रूद्रपुर की स्टार टेडिंग 1 है। ओडीएफ प्लसप्लस की उपलब्धि भी नगर निगम हहासिल कर चुका है। इससे पहले सुंदर लाल बहुगुणा पुरस्कार भी नगर निगम को मिला था और अब नगर निगम को स्वच्छता सर्वेक्षण में प्रदेश में पहला और देश भर में 68 वां स्थान मिलना नगर निगम की सजगता, सतत प्रयास और जनभागीदारी को स्पष्ट दर्शाता है। उन्होंने शहरवासियों से अपील की कि शहरवासी स्वच्छता के प्रति जागरूक रहें औरनिगम द्वारा संचालित अभियानों में बढ़-चढ़कर भाग लें।

## जनता मिलन में आयुक्त की पहल से मिला भूमि का पूरा रकबा

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। आयुक्त/सचिव मुख्यमंत्री दीपक रावत के जनता मिलन कार्यक्रम में लगभग दो माह पूर्व हिमंतपुर चौमवाल, मोटाहल्दू, तहसील लालकुआं निवासी हरीश चन्द्र शर्मा सम्मिलित हुए थे, जहाँ उन्होंने नामूना बाजपुर निवासी प्रेम सिंह से खरीदी गई भूमि से संबंधित शिकायत प्रस्तुत की थी। शिकायत के अनुसार, उन्होंने 7000 वर्गफीट भूमि क्रय की थी, जिसकी रजिस्ट्री एवं दाखिल- खारिज की कार्यवाही पूर्ण हो चुकी थी, किंतु पैमाइश के दौरान भूमि में 600 वर्गफीट की कमी पाई गई थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को जांच एवं आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए थे। अधिकारियों द्वारा स्थल निरीक्षण एवं पैमाइश करने के बाद यह स्पष्ट हुआ कि भूमि वास्तव में कम है। इस पर आयुक्त ने



निर्देश दिए थे कि शिकायतकर्ता को उसकी खरीदी गई भूमि का पूर्ण रकबा उपलब्ध कराया जाए। निर्देशों का पालन करते हुए राजस्व टीम ने अभिलेखीय सत्यापन एवं आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण कर शिकायतकर्ता को उसकी खरीदी गई भूमि का पूरा रकबा उपलब्ध करा दिया है। गुरूवार को हरीश चन्द्र शर्मा ने आयुक्त से भेंट कर उनकी पहल और त्वरित कार्रवाई के लिए आभार व्यक्त किया। आयुक्त ने आश्वस्त किया कि जनहित एवं पारदर्शिता से जुड़े मामलों में प्रशासन की प्रतिबद्धता सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी

## निवेश उत्सव की तैयारियों को लेकर प्रभारी मंत्री ने की समीक्षा बैठक

रुद्रपुर(उद संवाददाता)।प्रदेश के कृषि एवं ग्राम्य विकास मंत्री तथा जनपद ऊधम सिंह नगर के प्रभारी मंत्री गणेश जोशी ने आज पंतनगर पहुंचकर आगामी 19 जुलाई को रुद्रपुर में आयोजित होने वाले उत्तराखंड निवेश उत्सव की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने जिला स्तरीय अधिकारियों और भाजपा पदाधिकारियों के साथ बैठक कर कार्यक्रम की प्रगति की जानकारी ली और संबंधित विभागों को समयबद्ध रूप से सभी तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए। मंत्री जोशी ने बताया कि इस भव्य आयोजन में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग करेंगे। कार्यक्रम के दौरान ঘ लाख करोड़ की ग्राउंडिंग की जाएगी, जिससे राज्य में निवेश और औद्योगिक विकास को नई



गति मिलेगी। मंत्री जोशी ने सभी अधिकारियों और पार्टी पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से समन्वय बनाकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की और कहा कि यह आयोजन उत्तराखंड के आर्थिक विकास की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। बैठक में रुद्रपुर के मेयर विकास शर्मा, काशीपुर के मेयर दीपक बाली,राज्य मंत्री अनिल कपूर ,भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, मुख्यमंत्री के सचिव विनय शंकर पांडेय, जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, एसएसपी मणिकांत मिश्रा ,अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय सहित विभिन्न जिला स्तरीय अधिकारी एवं पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## परिवहन विभाग की सघन चेकिंग में 62 वाहनों के चालान, 6 वाहन सीज

हल्द्वानी(उद संवाददाता)।परिवहन विभाग की प्रवर्तन टीम द्वारा गुरुवार को जिले में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान 62 वाहनों के चालान काटे गए, जबकि 6 वाहनों को सीज कर दिया गया। इस संयुक्त अभियान में विभिन्न श्रेणियों के वाहनों की जांच की गई, जिनमें बस, ट्रक, टैक्सी, मैक्सी, कार, मोटरसाइकिल, ई-रिक्शा और ऑटो शामिल थे। प्रवर्तन कार्यवाही का नेतृत्व सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) जितेंद्र सांगवान ने किया। उनके साथ परिवहन कर अधिकारी श्री विमल उप्रेती, श्रीमती अनुभा आर्य, परिवहन निरीक्षक श्री नंदन रावत एवं श्री





गिरीश कांडपाल मौजूद रहे। इस दौरान सिटी मजिस्ट्रेट श्री गोपाल सिंह चौहान के साथ संयुक्त चेकिंग अभियान भी संचालित किया गया। वाहन चेकिंग के दौरान परमिट की शर्तों का उल्लंघन, निध ारित यूनिफॉर्म न पहनना, लगेज ओवरसाइज होना, ओवरलोडिंग, फिटनेस प्रमाण पत्र की अनुपस्थिति, टैक्स बकाया, हेलमेट न पहनना, नो पार्किंग में वाहन खड़ा करना, सीट बेल्ट न लगाना जैसे मामलों में कार्रवाई की गई। सीज किए गए वाहनों में चार ई-रिक्शा, एक ऑटो एवं एक पिकअप वाहन शामिल हैं। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान यातायात नियमों के उल्लंघन को रोकने और सड़क सुरक्षा को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से संचालित किया गया। इस कार्रवाई में सहायक परिवहन निरीक्षक चंदन सुप्याल, चंदन ठेला, अरविंद हयांकी ,अनिल कार्की, परिवहन आरक्षी सुश्री हंसी, प्रकाश, पवन, प्रवर्तन चालक महेंद्र कुमार व विनोद कुमार शामिल रहे।संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन एवं सड़क सुरक्षा) डॉ. गुरदेव सिंह ने बताया कि आगे भी सघन चेकिंग जारी रहेगी।

## निर्माण कार्यों का किया शुभारंभ

गदरपुर। वार्ड न.01 सरस्वती विहार कालोनी में शशि के मकान से धीरज बठला के मकान तक 9.94 लागत से 56 मीटर साईड दीवार मिट्टी भराव एवं नाली निर्माण कार्य का पालिका अध्यक्ष मनोज गुम्बर (मिंटू) ने शुभारम्भ किया । इस दौरान वार्ड वासियों ने पालिकाध्यक्ष का आभार जताते हुए फूल मालाओं से स्वागत किया । नागरिकों



का कहना था कि बरसात के दिनों में निचले स्थान पर वर्षा का पानी भर जाने से आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ता था मिट्टी भरान से उक्त समस्या का समाधान होने से लोगों को राहत मिल सकेगी । इस मौके पर वार्ड न 1 के सभासद प्रतिनिधि चिंतन अरोरा,रविन्द्र बजाज, जगदीश सिंह,दीपक हुड़िया,धीरज बजाज,बंटी गगनेजा,अरविन्द खेडा, पंकज गुम्बर,राजीव चुघ,धीरज बठला सहित वार्डवासी रहे।

## 23वीं उत्तराखंड स्टेट सब जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप का भव्य शुभारंभ

रूद्रपुर।उत्तरांचल स्टेट बैडमिंटन एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित योनेक्स सनराइज 23वीं उत्तराखंड स्टेट सब जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप- 2025 का शुभारंभ हंस स्पोर्ट्स एकेडमी कल्याणी व्यू, रुद्रपुर में हुआ। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य विकास अधिकारी एवं बैडमिंटन खिलाड़ी देवेश शासनी ने शिरकत की। शुभारंभ अवसर पर उधम सिंह नगर बैडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष पुष्कर राज जैन एवं सचिव विष्णु कुमार सक्सेना ने मुख्य अतिथि का पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। इसके बाद युवा बैडमिंटन खिलाड़ी निशांत सिंह द्वारा भी मुख्य अतिथि को सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में मुख्य विकास अधिकारी श्री शासनी ने उपस्थित खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आज के समय में इंडोर गेम्स का महत्व तेजी से बढ़ रहा है और बैडमिंटन ऐसा खेल है जो न केवल शारीरिक फिटनेस में सहायक है बल्कि अनुशासन और मानसिक मजबूती भी सिखाता है। उन्होंने प्रतियोगिता में भाग ले रहे सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उत्तराखंड के बच्चे निश्चित ही राष्ट्रीय पटल पर प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह चीफ रेफरी मानस शाह द्वारा भेंट किया गया। वहीं विशिष्ट अतिथि पूरन सिंह बिष्ट को डिप्टी चीफ रेफरी पवन गुप्ता ने सम्मानित किया। इस अवसर पर जिला सचिव विष्णु कुमार सक्सेना ने जानकारी दी कि प्रतियोगिता में उत्तराखंड के लगभग 300 खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं, जो अंडर-15 और अंडर-17 श्रेणियों में मुकाबले खेलेंगे। विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार और स्मृति चिन्ह प्रदान किए जाएंगे। जिलाध्यक्ष पुष्कर राज जैन ने सभी अतिथियों, खिलाड़ियों, उनके अभिभावकों तथा आयोजन से जुड़े समस्त सहयोगियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी को साधुवाद दिया। आयोजन सचिव अमन अरोरा ने बताया कि एसोसिएशन द्वारा खिलाड़ियों के लिए नाश्ते, दोपहर एवं रात्रि भोज की व्यवस्था की है। साथ ही, प्रतियोगिता का संचालन उत्तराखंड बैडमिंटन एसोसिएशन द्वारा नियुक्त आधिकारिक रेफरी टीम द्वारा नियमानुसार किया जा रहा है। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में उज्ज्वल बहुगुणा, राहुल राज, रघुनाथ विश्वास, दीपक कोश्यारी,प्रशांत कुमार, पीयूष दानू सहित अन्य खिलाड़ियों एवं सहयोगियों की सक्रिय भूमिका रही। बताया गया कि पूरे प्रदेश से आए खिलाड़ी देर रात तक मैच खेलते रहेंगे।








# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## विमान सेवाओं की सुरक्षा

अहमदाबाद में एअर इंडिया विमान हादसे के बाद से विमान सेवाओं की सुरक्षा पर सवाल उठने लगे हैं। अगर उड़ान भरते ही किसी विमान का इंजन फेल हो जाए या फिर बीच रास्ते में तकनीकी खराबी आ जाए, तो इससे स्थिति की गंभीरता का अंदाजा लगाया सकता है। हवाई यात्रा में जोखिम इतना गहरा है कि हादसे की सूरत में बचने गुंजाइश नहीं होती। पिछले कुछ महीनों से लगातार घट रही घटनाओं से विमानन कंपनियों की साख तो खतरे में है ही, वहीं यात्रियों का भरोसा भी टूट रहा है और वे यात्रा के जोखिम को लेकर आशंकित हो रहे हैं। ऐसी घटनाओं की जवाबदेही स्पष्ट रूप से तय होनी चाहिए। अहमदाबाद हादसे से देश उबरा भी नहीं है कि बुधवार की रात विमान यात्री उस समय सहम गए, जब दिल्ली से गोवा जा रहे विमान का एक इंजन रास्ते में खराब हो गया। यह एक आपात स्थिति थी। लिहाजा मार्ग बदल कर उसे मुंबई में सुरक्षित उतार लिया गया। पायलट के समय रहते संदेश के कारण एक बड़ा हादसा टल गया। यह चिंता की बात है कि विमानों के इंजन फेल होने के मामले बढ़ रहे हैं। विमानन कंपनियां डीजीसीए की हिदायत के बाद भी सजग नहीं दिख रही हैं। विडंबना यह है कि सुरक्षा या अन्य स्तर की जांच के संबंध में सख्त निर्देश किसी बड़े हादसे के बाद ही आते हैं। विमान के इंजन बंद होने या किसी भी तकनीकी खराबी को गंभीरता से लिया जाना चाहिए। हाल ही में इंडिगो का ही एक विमान पटना में हवाई पट्टी को छू कर दोबारा उड़ गया था और इस दौरान यात्रियों की सांसें अटकी रहीं। पांच मिनट बाद उसे सुरक्षित उतारा गया। अधिकतर हादसे विमान के उड़ान भरने या उतरते समय ही हुए हैं। सवाल है कि विमानों में तकनीकी खराबी के मामले क्यों बढ़ रहे है? किसी भी विमान की उड़ान से पहले सुरक्षा जांच और तकनीकी रूप से हर कसौटी पर सौ फीसद दुरुस्त होना सुनिश्चित किया जाना अनिवार्य है।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

# ग्राउंडिंग सेरेमनी को लेकर महापौर ने ली आढ़ती एसोसिएशन की बैठक

रूद्रपुर। जिला मुख्यालय स्थित स्टेडियम में 19 जुलाई को होने जा रहे ग्राउंडिंग सेरेमनी कार्यक्रम को ऐतिहासिक और भव्य बनाने के लिए नगर निगम महापौर विकास शर्मा ने जनसंपर्क तेज कर दिया है। इसी क्रम में महापौर ने गल्ला मंडी में आढ़ती एसोसिएशन के पदाधिकारियों और व्यापारियों के साथ क समीक्षा बैठक की, जिसमें कार्यक्रम की तैयारियों और व्यापारी वर्ग की भागीदारी पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए महापौर विकास शर्मा ने कहा 19 जुलाई को रूद्रपुर में आयोजित हो रही ग्राउंडिंग सेरेमनी सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह उत्तराखंड के औद्योगिक भविष्य की दिशा में एक बड़ा कदम है। इस कार्यक्रम में देश के केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह मुख्य अतिथि के रूप में पधार रहे हैं। साथ ही देशभर से नामचीन निवेशक भी इस आयोजन में भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि यह हमारे जनपद और विशेष रूप से रूद्रपुर के लिए एक गौरवशाली क्षण है। इस आयोजन से न सिर्फ आर्थिक विकास



को नई गति मिलेगी, बल्कि हजारों युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। महापौर ने व्यापारियों से अनुरोध किया कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में भाग लें और रूद्रपुर को एक आदर्श औद्योगिक नगर के रूप में स्थापित करने में सहभागी बनें। इस अवसर पर शहीद भगत सिंह मंडल अध्यक्ष सुनील ठुकराल, आढ़ती एसोसिएशन अध्यक्ष राजेश घीक, महामंत्री गौरव सिंघल, कोषाध्यक्ष विकास गुंबर, कैलाश अग्रवाल, ताराचंद अग्रवाल, संदीप राव, अजय बंसल, दीपक मित्तल, दीपक छाबड़ा, श्याम अग्रवाल, हरीश बांगा, मुकेश अग्रवाल, जय भगवान जैन, सतीश जैन, मिंकु मिगलानी, सोनू गुंबर, नितिन अग्रवाल, सचिन अग्रवाल, केवल ईशपुजानी, योगेंद्र जिंदल, मनोज अग्रवाल, राजकुमार जैन, गुंजन नारग, विकास जैन, चंदन अग्रवाल, चिंटू अग्रवाल सहित अनेक व्यापारी व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# महापौर ने जवाहर नवोदय विद्यालय में किया पौधारोपण

रूद्रपुर। लोक पर्व हरेला के पावन अवसर पर महापौर विकास शर्मा ने पी. एम. श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस मौके पर उन्होंने विद्यालय परिसर में छात्र-छात्राओं के साथ मिलकर पौधारोपण किया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। महापौर ने इस अवसर पर सभी से 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान से जुड़ने की अपील की। उन्होंने कहा प्रकृति हमारी धरोहर है, और हर व्यक्ति का दायित्व है कि वह आने वाली पीढ़ियों के लिए एक हरित और स्वच्छ पर्यावरण छोड़े। हरेला सिर्फ एक पर्व नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति हमारे समर्पण और जिम्मेदारी का प्रतीक है। एक पौधा लगाने का अर्थ है, जीवन को रोपना। जब हम यह कार्य अपनी मां के नाम करते हैं, तो यह भाव और भी पवित्र हो जाता है। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती कंचन जोशी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए विद्यालय में चल रही शैक्षणिक व पर्यावरणीय गतिविधियों की जानकारी दी और छात्रों को अधिकाधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया । कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि योगेश वर्मा, शहीद भगत सिंह मंडल अध्यक्ष सुनील ठुकराल, राजन राठौर, पार्षद चिराग कालरा, उप प्रधानाचार्य पी.के. विद्यार्थी, विजेंद्र कुमार, अनुराग शर्मा, एमसी सुयाल, राकेश कुमार, संजीव कुमार, पूजा सुयाल, अजय रावत, विजय तोमर सहित विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहे।



# पंचायत चुनावों में लहरायेगा भाजपा का परचम: सुखीजा

गदरपुर (उद संवाददाता)।भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने प्रेस वार्ता में पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व वाली सरकार की उल्लेखनीय



उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला और स्थानीय प्रशासन द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की। प्रेस वार्ता में सुखीजा ने मुख्यमंत्री धामी के दूरदर्शी नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा हासिल की गई विभिन्न सफलताओं का जिक्र किया। उन्होंने विशेष रूप से उन जनहितैषी पहलों और विकास कार्यों पर जोर दिया, जिनसे सीधे तौर पर आम जनता को लाभ मिला है। उन्होंने स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क निर्माण, रोजगार सृजन और ग्रामीण विकास जैसे क्षेत्रों में सरकार की प्रगति को रेखांकित किया। सुखीजा ने पंचायत चुनावों को लेकर भी भाजपा की जीत का विश्वास व्यक्त किया। उन्होंने दृढ़ता से कहा कि आने वाले समय में गदरपुर ब्लॉक प्रमुख भाजपा का ही बनेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की जनहितैषी नीतियों और अथक विकास कार्यों के कारण जनता का भरोसा पार्टी के साथ बना हुआ है। जिस प्रकार मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की जनकल्याणकारी नीतियों और उनके सक्षम नेतृत्व में हुए निकाय चुनावों में भाजपा ने प्रचंड जीत हासिल की है, ठीक उसी प्रकार उनके नेतृत्व में होने वाले जिला पंचायत सदस्य, क्षेत्र पंचायत सदस्य और ग्राम प्रधानों के त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों में भी पार्टी अभूतपूर्व सफलता प्राप्त करेगी।

# फरजाना बेगम ने कलियर शरीफ में चादर चढ़ाई

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड सरकार के अल्पसंख्यक आयोग की उपाध्यक्ष श्रीमती फरजाना बेगम ने आज सूफी संत हजरत साबिर पाक की पावन दरगाह, कलियर शरीफ में चादर चढ़ाकर हाजिरी दी और प्रदेशवासियों की अमन, खुशहाली व तरक्की की दुआ मांगी। इससे पूर्व उनके आगमन पर दरगाह कमेटी द्वारा पारंपरिक रीति से सम्मान स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होंने चादर चढ़ाई और दरगाह परिसर में आयोजित विशेष दुआ में भाग लिया। इस अवसर पर फरजाना बेगम ने कहा कि यह केवल एक धार्मिक यात्रा नहीं, बल्कि एक भावनात्मक जुड़ाव है। एक ऐसी दरगाह जहां हर मजहब, हर तबके के लोग बिना भेदभाव के आते हैं। उन्होंने कहा कि वह विशेष रूप से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की आभारी हैं, जिनके नेतृत्व में उत्तराखंड में धार्मिक समरसता, आपसी भाईचारा और समान सम्मान की भावना को मजबूती मिली है।मुख्यमंत्री जी की सोच विकास सबका, सम्मान हर एक का आज प्रदेश के सामाजिक ताने-बाने को नई मजबूती दे रही है। इस आध्यात्मिक यात्रा के दौरान उनके साथ जेएस रावत, सचिव, अल्पसंख्यक आयोग विभाग, नफीस अहमद, सदस्य, आयोग (देहरादून), सुश्री इप्सिता रावत, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, श्रीमती शमा परवीन, आयोग सचिव एवं वरिष्ठ पीए, अकरम, रहीस, तालिब व अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद रहे।



# शिक्षक: ज्ञान के वाहक या वैचारिक प्रचारक?

बरेली के महात्मा गांधी मेमोरियल इंटर कॉलेज में हिंदी के शिक्षक डॉ. रजनीश गंगवार द्वारा पढ़ी गई कविता ष्तुम कांवड़ लेने मत जानाष पर मचा बवाल सिर्फ एक कविता पर विवाद नहीं है, बल्कि यह भारत में धार्मिक आस्था, शिक्षा, तर्क और अभिव्यक्ति की आजादी के बीच खिंची उस लकीर का उदाहरण है जो आज की तारीख में लगातार गहरी होती जा रही है। यह मामला दिखाता है कि आज के समय में शिक्षक, विद्यार्थी, समाज और राजनीति के बीच की संवेदनशील रेखाएं कितनी धुंधली होती जा रही हैं। कविता का मूल भाव यदि देखा जाए, तो छात्रों को पढ़ाई के लिए प्रेरित करना था। लेकिन जिस रूप में यह बात कही गई, उसमें धार्मिक प्रतीकों का प्रयोग इस तरह किया गया कि मामला श्रद्धा और तिरस्कार के बीच फंस गया। कविता की पंक्तियां थीं, ष्कांवड़ ढोकर कोई डीएम, एसपी नहीं बना है। भांग, धतूरा, गांजा, सुल्फा मद से कोई उद्धार नहीं हुआ है। तुम कांवड़ लेने मत जाना, ज्ञान का दीप जलाना।ष शब्दों की गहराई को देखें तो यह सिर्फ सलाह नहीं, बल्कि कटाक्ष था। श्कांवड़श, शगांजाश, श्धतूराश, श्सुल्फाश जैसे शब्दों का संयोजन उस धार्मिक परंपरा पर प्रश्नचिह्न लगाता है जो करोड़ों लोगों के लिए एक श्रद्धा है। कांवड़ यात्रा केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि एक भावनात्मक जुड़ाव भी है। इसमें सामूहिकता, अनुशासन, सेवा और संकल्प का भाव होता है। ऐसे में जब एक शिक्षक इसे इस तरह चित्रित करता है कि जैसे यह सिर्फ नशे और फालतूपन का प्रतीक है, तो समाज के एक बड़े हिस्से में आक्रोश पैदा होना स्वाभाविक है। कविता के पक्ष में यह तर्क दिया जा सकता है कि शिक्षक ने बच्चों को शिक्षा की ओर प्रेरित करने के लिए यह उदाहरण दिया। लेकिन क्या प्रेरणा देने के लिए धार्मिक परंपराओं को नीचा दिखाना जरूरी हो जाता है? क्या कोई शिक्षक यह नहीं कह सकता था कि शशिक्षा ही सर्वोत्तम साधना हैश या श्ज्ञान का मार्ग ही सफलता का मार्ग हैश बिना किसी धर्म, परंपरा या भावना पर कटाक्ष किए? जब बात शिक्षा की होती है, तो तटस्थता सबसे जरूरी तत्व बन जाती है। एक शिक्षक का हर शब्द विद्यार्थियों पर गहरा प्रभाव डालता है, ऐसे में उसकी बातों में संतुलन और संवेदनशीलता दोनों होनी चाहिए। इस कविता की सबसे बड़ी विडंबना यह रही कि इसका संदर्भ भले ही शिक्षा था, लेकिन भाषा और प्रतीकों की वजह से यह सीधे धर्म से टकरा गई। और जब मामला धर्म बनाम शिक्षा में तब्दील होता है, तो वह केवल कक्षा तक सीमित नहीं रह जाता। फिर वह समाज की सड़कों पर उतर आता है। यही इस मामले में हुआ। सोशल मीडिया पर लोगों ने तीखी प्रतिक्रिया दी, एफआईआर दर्ज हुई, शिक्षक को सस्पेंड किया गया और मामला राजनीतिक रंग में रंग गया। यहां यह सवाल उठता है कि क्या हमारे शिक्षक शिक्षा के नाम पर वैचारिक प्रचार कर रहे हैं? क्या यह कविता केवल छात्रों के लिए प्रेरणादायक थी या किसी गहरे वैचारिक आग्रह की परिणति थी? डॉ. गंगवार का अतीत अगर देखा जाए तो वे एक समय एबीवीपी से जुड़े रहे हैं, लेकिन उनकी कविता उस विचारधारा से मेल नहीं खाती। बल्कि उन्होंने जिस प्रकार की भाषा और प्रतीक का इस्तेमाल किया, वह उन्हीं लोगों की धार्मिक परंपराओं पर कटाक्ष करती है जिनके बीच वे पहले खड़े रहे थे। इसलिए एबीवीपी ने भी तुरंत उन्हें निलंबित कर दिया। यह विरोधाभास इस बात का संकेत है कि शिक्षा के क्षेत्र में अब केवल ज्ञान नहीं, विचारधारा भी प्रवेश कर चुकी है। भारत जैसे देश में, जहां धर्म केवल आस्था का नहीं, बल्कि जीवन पद्धति का हिस्सा है, वहां किसी धार्मिक परंपरा को इस प्रकार नकारात्मक रूप में दिखाना केवल विवाद नहीं, बल्कि सामाजिक विभाजन को गहरा करना है। यह विभाजन दो ध्रुवों में बंटता जा रहा है एक ओर वे लोग हैं जो तर्क, वैज्ञानिक सोच और शिक्षा को सर्वोपरि मानते हैं और दूसरी ओर वे हैं जो परंपरा, आस्था और धार्मिकता को अपनी पहचान का मूल मानते हैं। लेकिन क्या यह जरूरी है कि ये दोनों विचारधाराएं एक-दूसरे की विरोधी हों? क्या हम ऐसा समाज नहीं बना सकते, जहां एक बच्चा शिवभक्त भी हो और वैज्ञानिक सोच वाला भी? क्या वह कांवड़ भी उठा सकता है और आईएएस भी बन सकता है? भारत का इतिहास तो यही कहता है कि यहां धर्म और ज्ञान साथ चलते हैं। इस पूरे विवाद में एक और पहलू जो ध्यान देने लायक है, वह है अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का। डॉ. गंगवार ने माफीनामा जारी कर कहा कि उनका उद्देश्य किसी धर्म का अपमान नहीं था। लेकिन भारत का संविधान भी यही कहता है कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता निरंकुश नहीं हो सकती। अनुच्छेद 19(2) के तहत, यह स्वतंत्रता कुछ सीमाओं के भीतर ही स्वीकार्य है, जिनमें सार्वजनिक व्यवस्था, नैतिकता और दूसरों की भावनाएं शामिल हैं। एक शिक्षक को यह समझना चाहिए कि वह कक्षा में जो कहता है, वह केवल विचार नहीं, बल्कि मूल्य बनकर विद्यार्थियों के मन में बस जाता है। इसीलिए शिक्षकों के शब्दों में विशेष जिम्मेदारी होनी चाहिए। वे अगर कुछ कहना भी चाहते हैं, तो उसमें कटाक्ष नहीं, सहमति और संतुलन होना चाहिए। राजनीतिक प्रतिक्रिया ने भी इस मामले को और जटिल बना दिया। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने डॉ. गंगवार के समर्थन में बयान दिया और कहा कि एक शिक्षक बच्चों को ज्ञान की बात कर रहा है, उसके खिलाफ एफआईआर करना असहिष्णुता है। यह बात एक सीमित नजरिए को दर्शाती है। सवाल यह है कि अगर यही कविता किसी अन्य धर्म की धार्मिक यात्रा पर होती, तो क्या यही समर्थन होता? क्या यही लोग तब भी खड़े होते? यह दोहरा मापदंड भारत में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर राजनीतिक एजेंडे को उजागर करता है। यह विवाद एक आईना है, जिसमें भारत की शिक्षा व्यवस्था, धार्मिक सहिष्णुता और राजनीतिक हस्तक्षेप तीनों को साफ देखा जा सकता है। शिक्षक अब केवल पढ़ाने वाले नहीं रह गए, वे अब विचारधारा का माध्यम भी बनते जा रहे हैं। यह स्थिति खतरनाक है। अगर कक्षा में ज्ञान के स्थान पर तिरस्कार परोसा जाने लगे, तो भविष्य का समाज असंतुलित और बंटा हुआ होगा। यह घटना हमें चेतावनी देती है कि हमें अपने शिक्षकों को केवल विषय विशेषज्ञ नहीं, बल्कि संवेदनशील विचारक बनाना होगा। उन्हें यह सिखाना होगा कि कैसे वे विद्यार्थियों को प्रेरित करें बिना किसी विश्वास या परंपरा को नीचा दिखाए। शिक्षा का काम बच्चों को सोचने की क्षमता देना है, न कि उन्हें किसी खास दिशा में मोड़ना। अगर शिक्षक अपनी बात को कहने के लिए किसी समुदाय की आस्था पर हमला करेगा, तो वह शिक्षक नहीं, प्रचारक कहलाएगा। अंततः यह कहना गलत नहीं होगा कि "तुम कांवड़ लेने मत जाना" जैसी कविताएं अगर छात्रों को पढ़ाई की ओर ले जाती हैं, तो उसकी भाषा ऐसी होनी चाहिए जिसमें न व्यंग्य हो, न तिरस्कार। भारत जैसे विविधताओं वाले देश में संतुलन ही सबसे बड़ा धर्म है। शिक्षक अगर इस संतुलन को नहीं साध सके, तो फिर कौन साधेगा? इस मामले में केवल शिक्षक नहीं, पूरा समाज कठघरे में है। हमें यह तय करना होगा कि शिक्षा को कैसे एक ऐसी भूमि बनाई जाए जहां सभी विचार, सभी विश्वास, और सभी रास्ते साथ चल सकें। यही भारतीयता है, यही भारत की आत्मा है।

**संजय सक्सेना, वरिष्ठ पत्रकार**

# छः जोनल मजिस्ट्रेट 23 सेक्टर मजिस्ट्रेट व 170 मतदान पार्टियों के 850 कार्मिको को दिया गया मतदान प्रशिक्षण

बागेश्वर(उद संवाददाता)। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने को लेकर जिलाधिकारी आशीष भटगांई की मौजूदगी में बीडी पांडेय महाविद्यालय परिसर में गुरुवार को मतदान कार्मिकों को दो पालियों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसमें 170 मतदान पार्टियों के 850 कार्मिको सहित 06 जोनल मजिस्ट्रेट व 23 सेक्टर मजिस्ट्रेट शामिल हैं।जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष भटगांई ने प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सभी अधिकारियों को अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करने और मतदान की गोपनीयता को लेकर विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी कार्मिकों को प्रशिक्षण को गंभीरता से लेने, हस्त पुस्तिका का अच्छे से अध्ययन करने और अपनी शंकाओं का यथासमय समाधान मास्टर ट्रेनरों के माध्यम से करने को कहा। उन्होंने पीठासीन अधिकारियों को मतदान पार्टियों की रवानगी के समय मतदान सामग्री को चौक लिस्ट से मिलान करने के निर्देश दिए। विदित है कि जनपद में चुनाव एक ही चरण में 24 जुलाई को होने हैं।मास्टर ट्रेनर डॉ राजीव जोशी, दीप चंद्र जोशी और हरीश रावल ने सभी मतदान कार्मिकों को मतपत्र और मतपेटी के संचालन हेतु व्यवहारिक एवं सैद्धांतिक प्रशिक्षण दिया। जिसमें मतदान केंद्र में मतपेटी की स्थापना, मतपेटी को खोलना, बंद करना और सीलिंग करना, मतपत्र को फोल्ड करने के साथ ही मतदान समाप्ति के बाद मतपेटी को सील करना एवं सुरक्षित रूप से स्ट्रॉंग रूम तक पहुंचाने का प्रशिक्षण दिया गया।इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी आर सी तिवारी, नोडल प्रशिक्षण/मुख्य शिक्षा अधिकारी गजेन्द्र सिंह सोन, नोडल कार्मिक/डीडीओ संगीता आर्या, समाज कल्याण अधिकारी जसमीत कौर, डीपीओ मंजुलता यादव सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# उद्योगपति गोपाल गोस्वामी की मदद से गरीब व्यक्ति को मिलेगा अपना आशियाना

बागेश्वर(उद संवाददाता)। गत दिनों जनपद के घेटी निवासी जगदीश राम के आपदा में मकान ध्वस्त होने के बाद उसकी मदद के लिए मूल रूप से जनपद के बमराड़ी निवासी गुजरात के व्यवसायी गोपाल गोस्वामी आगे आए हैं। जगदीश की माली हालत को देखते हुए उन्होंने उसे निर्माण सामग्री भेजने का निर्णय लिया है। यह नेक कार्य उन्होंने अपनी बहन की सूचना व माता-पिता के निर्देश पर किया है। गत दिनों जगदीश राम का मकान का ध्वस्त होने की जानकारी होने पर जमुना किशन गिरी के पुत्र गोपाल की अध्यापिका व सामाजिक कार्यकर्ता बहन रेखा गोस्वामी ने उन्हें यह जानकारी दी जिस पर गोपाल ने उसकी मदद के लिए अपने मित्र सामाजिक कार्यकर्ता अशोक लोहुमी आदि से संपर्क किया। जानकारी जुटाने पर प्रभावित जगदीश राम ने उनसे भवन निर्माण के लिए आवश्यक सामग्री की आवश्यकता जताई जिस पर गोपाल ने मांग के अनुसार समस्त निर्माण सामग्री उपलब्ध करा दी है। गोपाल ने सामग्री पहुंचाने के लिए अशोक लोहुमी को जिम्मेदारी सौंपी है। बता दें कि गुजरात के व्यवसायी गोपाल गोस्वामी इससे पूर्व अपनी बहन रेखा व मित्रों की सलाह व माता-पिता जमुना- किशन गिरी के निर्देश पर जनपद में प्रशासन के माध्यम से कोविड काल में आक्सीजन प्लांट, जनपद में हेल्थ एटीएम लगाने के लिए लाखों की धनराशि दे चुके हैं इसके अलावा उनके द्वारा गरीब बच्चों की शिक्षा, शीतकाल में कंबल आदि वितरण के साथ ही कई आपदा प्रभावितों की मदद कर चुके हैं। उनकी बहन रेखा गोस्वामी ने बताया कि मूल रूप से बमराड़ी निवासी उनका परिवार गुजरात में रहता है। उनके माता-पिता की सलाह पर उनके भाईयों द्वारा विभिन्न हिस्सों में सामाजिक कार्य किए जाते रहे हैं।

# ऑक्सफोर्ड के योगेन्द्र ने स्वर्ण व हर्षित ने जीता कॉस्य पदक

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। देहरादून में आयोजित सीबीएसई नॉर्थजोन बाक्सिंग प्रतियोगिता में ऑक्सफोर्ड अकादमी के छात्र योगेन्द्र यादव ने स्वर्ण पदक एवं हर्षित यादव ने कांस्य पदक जीतकर विद्यालय का नाम रौशन किया है। प्रधानाचार्य केएस नेगी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि ऑक्सफोर्ड अकादमी के छात्र योगेन्द्र यादव ने एवं हर्षित यादव ने कोच दुष्यन्त जोशी एवं मुख्य प्रशिक्षक सीके जोशी के की देखरेख में नोर्थ जोन सीबीएसई कलस्टर प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया एवं उक्त प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुये योगेन्द्र कक्षा 10 ने स्वर्ण पदक प्राप्त कर विद्यालय का नाम उज्जवल कर घूम मचा दी।



साथ-साथ विद्यालय के दूसरे छात्र हर्षित यादव कक्षा 8 ने भी ब्रॉज मैडल प्राप्त करने का गौरव प्राप्त किया। ऑक्सफोर्ड विद्यालय के इन दोनों प्रतिभाशाली विद्यार्थीयों की सफलता पर समस्त विद्यालय में हर्ष का माहौल है। योगेन्द्र तथा हर्षित की अभूतपूर्व सफलता के उपलक्ष्य में विद्यालय की प्रबन्ध समिति के सदस्य रोहताश बत्रा, वैभव बत्रा, सुरेन्द्र मिढढा, अमित जिन्दल, श्रीमती प्रीती पपनेजा व प्रधानाचार्य केएस नेगी एवं शिक्षकों ने योगेन्द्र यादव एवं हर्षित यादव को शुभकामनायें देते हुये उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# 40 मीटर सड़क एवं नाली निर्माण का पालिकाध्यक्ष ने किया शुभारंभ

गदरपुर(उद संवाददाता)। नगर पालिका परिषद द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों की कड़ी में वार्ड न. 10 में हरिचन्द छाबड़ा के मकान से ट्रांसफार्मर की पुलिया तक 5.03 लाख रु. लागत से 40 मीटर सड़क एवं नाली निर्माण कार्य का नगरपालिका अध्यक्ष मनोज गुम्बर (मिंटू) द्वारा शुभारम्भ करवाया गया । इस दौरान वरिष्ठ समाजसेवी हरिचन्द छाबड़ा और बलराज गुम्बर द्वारा फीता काटकर और पूजन की गई ईटों को नींव में रखकर शुभारंभ किया गया । इस अवसर पर उन्होंने कहा कि क्षेत्र में सभी वार्डो का विकास प्राथमिकता से किया जा रहा है



जिसका लाभी जनता को मिलेगा। इस मौके पर वार्ड 10 के सभासद प्रतिनिधी नाजिर अली,मनोज बजाज,पंकज बजाज,अजय छाबड़ा, सभासद प्रतिनिधि सलीम बाबा,आशीष चुघ, आकाश कोचर सहित वार्डवासी मौजूद रहे ।

# वन गुज्जर समुदाय के 'सेला पर्व' पर 20 जुलाई को होगा पौधारोपण

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण योगेन्द्र कुमार सागर ने बताया कि वरिष्ठ न्यायाधीश उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय एवं कार्यपालक अध्यक्ष उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण मा0 न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी की अध्यक्षता में 20 जुलाई को वन गुज्जर क्षेत्र बुढ्ढा खत्ता स्थित टांडा वन रेंज रूद्रपुर-हल्द्वानी राजमार्ग में वन गुज्जर समुदाय के लोक 'सेला पर्व' के उपलक्ष्य में पौधारोपण एवं विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित होगा। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बताया कि उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशों के क्रम में जिला न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार उन्होने बताया कि 20 जुलाई को वन गुज्जर क्षेत्र बुढ्ढा खत्ता स्थित टांडा वन रेंज रूद्रपुर-हल्द्वानी राजमार्ग में वन गुज्जर समुदाय के लोक 'सेला पर्व' के उपलक्ष्य में पौधारोपण एवं विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।

# कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान के पिता निधन

पंतनगर(उद संवाददाता)। गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पंतनगर के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान के पिता त्रिलोक सिंह चौहान का गुरूवार सुबह निधन हो गया। वह 94 वर्ष के थे और उन्होंने ऋषिकेश स्थित अपने आवास पर अंतिम सांस ली। पूर्व सैनिक त्रिलोक सिंह चौहान एक सज्जन, सरल एवं प्रेरणादायक व्यक्तित्व के धनी थे। उनके निधन से विश्वविद्यालय परिवार सहित शिक्षा और सामाजिक क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। निधन की सूचना मिलते ही विश्वविद्यालय के कई पदाधिकारी, कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक शोक संवेदना व्यक्त करने उनके निवास पहुंचे। परिवार की ओर से उनके निवास पर शोकसभा का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। विश्वविद्यालय समुदाय ने भी गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

# उत्पाती बंदरों को पकड़ने को लगाया पिंजरा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। लोगों के लिए परेशानी का सबब बन चुके शहर के उत्पात बंदरों को पकड़ने के लिए नगर निगम प्रशासन ने कमर कस ली है। शहर में पिंजरा लगाने की शुरुआत वार्ड पांच पॉलिशीट से की गई है। यह जानकारी देते हुए नगर आयुक्त ऋचा सिंह ने बताया कि बंदरों के आतंक से निजात दिलाने के लिए नगर निगम के द्वारा मथुरा की एक संस्था के साथ अनुबंध किया गया है। जो निगम के उन क्षेत्रों में पिंजरा लगाएगी जहां के निवासी उत्पाती बंदरों के कारण पिछले काफी समय से परेशानियों का सामना कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि जिसके क्रम में गुरुवार को वार्ड पांच पालीशीट से बंदर पकड़ने का अभियान शुरू किया गया कुछ दिन



पूर्व ही यहां पर बंदर ने काट कर कई लोगों को घायल किया था। नगर आयुक्त ऋचा सिंह ने बताया कि यह पिंजरा सभी वार्डों में आवश्यकतानुसार लगाया जाएगा और पकड़े गए सभी बंदरों को समीपवर्ती जंगलों में छोड़ दिया जायेगा।

## पेज एक का शेष...

**मोदी ने बिहार को दी...**स्वाभिमान क्या होता है, ये मोदी जानता है। मोदी ने बैंकों से कहा कि गरीबों के लिए दरवाजे क्यों नहीं खोलेंगे। जन-धन खाता खुलवाए। 3.5 करोड़ महिलाओं के जन-धन खाते खुले। योजनाओं के पैसे इन खातों में भेजना शुरू किया। हमारे मित्र नीतीश जी कह रहे थे पेंशन राशि बढ़ा दी गई है, ये आपके खाते में ही तो जाएगा। आज महिलाओं के पास इसकी ताकत है। वहीं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने संबोधन में एक बार फिर लालू राबड़ी सरकार की याद दिलाई। नीतीश कुमार ने कहा कि आप जानते है 2005 से पहले बिहार का क्या हाल था। जब से बीजेपी, जेडीयू की सरकार बनी है, हम लोग 20 साल से का कर रहे हैं। इस मौके पर नीतीश कुमार ने सात निश्चय योजना का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि, सात निश्चय 2 के तहत युवाओं को 10 लाख सरकारी नौकरी और 29 लाख लोगों को रोजगार दिया है। अब अगले 5 साल में एक करोड़ युवाओं को नौकरी और रोजगार देंगे

**मुख्य सचिव और डीजीपी...**मंत्री ने कहा कि निवेश उत्सव से न केवल राज्य में बड़े पैमाने पर पूंजी निवेश आएगा, बल्कि इससे युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। उन्होंने आम जनमानस से भी आयोजन को सफल बनाने में सहयोग की अपील की। मुख्य सचिव आनंद वर्धन ने कहा कि उत्तराखंड अब निवेश की दृष्टि से देश के अग्रणी राज्यों में शामिल होने की दिशा में तेजी से बढ़ रहा है। निवेश उत्सव के माध्यम से राज्य में औद्योगिक, आर्थिक और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में व्यापक बदलाव देखने को मिलेंगे। इस दौरान जिलाधिकारी नितिन भदौरिया, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रासहित जिले के समस्त प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी भी मौजूद रहे।

**पदक विजेता...**उपलब्धि पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उन्हें हार्दिक बधाई दी और कहा कि उत्तराखण्ड के युवाओं की प्रतिभा अब वैश्विक मंचों पर अपना परचम लहरा रही है। मुख्यमंत्री ने मुकेश पाल की मेहनत, लगन एवं दृढ़ संकल्प की सराहना करते हुए कहा कि इस उपलब्धि से उत्तराखण्ड पुलिस विभाग का मान भी बढ़ा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार खेलों को बढ़ावा देने और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। श्री धामी ने श्री पाल के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि उनकी यह सफलता राज्य के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह गर्व का विषय है कि उत्तराखण्ड पुलिस के जवान अपनी ड्यूटी के साथ-साथ खेलों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं।

**महिला ने मासूम...** दून अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे कोमा में बताया और वेंटिलेटर पर रख दिया। बताया गया है कि मीना देवी और गौरव के परिवार के बीच पूर्व में किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। उसी रंजिश के चलते महिला ने मासूम बच्चे को निशाना बनाकर बदला लेने की कोशिश की। घटना के बाद से आरोपी महिला फरार हो गई थी। पीड़ित गौरव के पिता जगपाल की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की और आरोपी मीना देवी को लक्खीबाग इलाके से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं, अस्पताल में गौरव की हालत अब भी गंभीर बनी हुई है

# जलाशयों से सिल्ट निकालने के लिए बनायें प्रस्तावः मुख्य सचिव

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्य सचिव आनंद बर्धन की अध्यक्षता में सिंचाई विभाग के जलाशयों में जमा सिल्ट को निकाले जाने के संबंध में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित हुई। मुख्य सचिव ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन जलाशयों में अधिक मात्रा में सिल्ट जमा हो चुका है तथा जिससे उसकी धारण क्षमता में अत्यधिक कमी आई है उनके सिल्ट को निकालने के लिए प्रस्ताव तैयार कर शासन को प्रस्तुत करें। जिससे जलाशयों की धारण क्षमता में वृद्धि हो जाए तथा उसके डाउनस्ट्रीम में किसी भी तरह के जलभराव की आशंका न रहे। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि सिल्ट निकालने के लिए फॉरेस्ट रिजर्व क्षेत्र के मानक का पालन करते हुए प्रस्ताव तैयार करें तथा इसके लिए राष्ट्रीय जल विज्ञान संस्थान, रुड़की जैसे संस्थान से स्टडी करवाना भी सुनिश्चित करें। ताकि सिल्ट निकालने की प्रक्रिया वैज्ञानिक तरीके से संपन्न की जा सके। बैठक में सचिव युगल किशोर पंत, चीफ वाइल्ड लाइफ वार्डन रंजन कुमार मिश्रा, सिंचाई विभाग से सुभाष चंद्र पांडेय, मुख्य महाप्रबंधक जल संस्थान डी. के. सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मुझे रेनू (RENU) एवं रेनू ग्रोवर (RENU GROVER) दोनों नामों से जाना पहचाना जाता है। उक्त दोनों नाम एक ही व्यक्ति यानि मेरे हैं, जिनका प्रयोग लिखित एवं मौखिक रूप से किया जाता है।

रेनू पत्नी श्री मुकेश कुमार,
निवासी आर-2/29 आनंदपुर आश्रम,
नजदीक भगत सिंह चौक, रूद्रपुर,
जिला-उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी हाईस्कूल की अंकतालिका में मेरी माता का नाम रेनू ग्रोवर (RENU GROVER) अंकित है जबकि मेरी कक्षा-12 की अंकतालिका में मेरी माता का नाम रेनू (RENU) अंकित है। मेरी माता को रेनू ग्रोवर(RENU GROVER) एवं रेनू(RENU) दोनों नाम से जाना व पहचाना जाता है। रेनू ग्रोवर एवं रेनू दोनों एक ही व्यक्ति के नाम हैं।

अर्चिता ग्रोवर, पुत्री श्री मुकेश कुमार,
निवासी-आर-2/29 आनंदपुर आश्रम,
नजदीक भगत सिंह चौक, रूद्रपुर,
जिला-उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड

क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-
विजय आयुर्वेद क्लीनिक
पंचकर्म सेन्टर
निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षो का अनुभवः-
पार्किंसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार,निःसन्तान स्त्री-पुरूष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, कीटाणु की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द,किडनी रोग (डायलिसिस से पहले) लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग
असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।
DR. VIJAY PRAKASH MISHRA M.D. (Ayurveda) Mob.: 9410897970
DR. ASHWINI MISHRA M.D. (Ayurveda) स्त्री एवं त्वचा रोग
मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)
होटल राजश्री के सामने, गली नं0 2, डॉक्टर्स कालोनी डी 1 डी 2 सिविल लाईन, रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखंण्ड

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर ( उत्तराखण्ड )से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)





# कलयुगी बेटे ने कुल्हाड़ी से पिता को मौत के घाट उतारा

## हत्या के बाद बेटे ने खून से लथपथ अपने शरीर का वीडियो किया वायरल, बताया चार और को मारूंगा

दिनेशपुर(उद संवाददाता)।नशे में धुत एक युवक ने अपने ही पिता की कुल्हाड़ी से हमला कर हत्या कर दी। सूत्रों के अनुसार, पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, 60 वर्षीय गुरुपद विश्वास अपने परिवार के साथ मोहनपुर नंबर 1 दिनेशपुर में रहते थे। उनके तीन बेटे, बहू और पत्नी भी उनके साथ ही टिन शेड में रहते हैं। उनका परिवार खेती संबंधित कार्य और मजदूरी करता है। बताया जा रहा है कि बुधवार रात वह और उनका बेटा कन्हाई विश्वास ही घर पर थे। परिवार के अन्य सदस्य पंचायत चुनाव से संबंधित चुनाव प्रचार के लिए गए थे। इसी दौरान किसी बात को लेकर पिता और पुत्र में विवाद हो गया। पुलिस के मुताबिक, प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि पिता से किसी बात को लेकर बेटे का विवाद हो गया। इस पर कन्हाई विश्वास ने कुल्हाड़ी से पिता की गर्दन और सिर पर वार किया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर जब परिजन घर पहुंचे तो खून से खून से



लतपथ गुरुपद विश्वास को देखकर परिजनों में चीख-पुकार मच गई। परिजन आसपास के लोगों की सहायता से घायल गुरुपद विश्वास को जिला अस्पताल लेकर गए। यहां से चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। इसके बाद परिजन घायल को हल्द्वानी सुशीला तिवारी अस्पताल ले गए। यहां गुरुपद विश्वास ने दम तोड़ दिया। वहीं वारदात की सूचना के बाद दिनेशपुर थाना प्रभारी नंदन सिंह रावत समेत पुलिस टीम ने मौका-मुआयना किया। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि पिता और बेटे के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। बेटा नशे की हालत में था। इसी बात को लेकर बेटे ने पिता पर कुल्हाड़ी से हमला कर हत्या कर दी। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, इस वारदात के दौरान पहले पिता के बेटे पर हमला करने की बात सामने आ रही है। किसी बात को लेकर दोनों में विवाद होने पर पिता ने जब बेटे पर हमला किया तो उसने कुल्हाड़ी से वार कर पिता की हत्या कर दी। सूत्रों के मुताबिक, प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि पिता और पुत्र दोनों ही नशे में थे। पुलिस क्षेत्राधिकारी डी आर वर्मा ने बताया कि पिता की हत्या के मामले में बड़े बेटे की तहरीर पर आरोपी पुत्र के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। वहीं हत्या के बाद कातिल बेटे का वीडियो सोशल मीडिया पर वायल हो रहा है। उसके शरीर पर खून के निशान हैं और वह वीडियो में कह रहा है कि चार को और मारूंगा।






## राइस मिल यूनियन का गठन,संजय गोयल बने अध्यक्ष

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। नगर की राइस मिल एसोसिएशन का गठन करते हुए नए अध्यक्ष के रूप में संजय गोयल को चुना गया है, जबकि महामंत्री रविंद्र यादव को बनाया गया है। नगर क्षेत्र में राइस मिल यूनियन की बैठक में नई राइस मिल यूनियन की कार्यकारिणी को लेकर चर्चा हुई। जिसमें नई राइस मिल यूनियन के अध्यक्ष को लेकर सभी ने सहमति से संजय गोयल, महामंत्री रविंद्र यादव, कोषाध्यक्ष सुनील गर्ग को चुना गया। रेस्टोरेंट राइस मिल यूनियन ने सभी चुने हुए पदाधिकारी को फूल मालाओं से पहनकर स्वागत किया। नवनियुक्त अध्यक्ष संजय गोयल ने कहा कि राइस मिल व्यापारियों के साथ किसी भी तरह का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, और सरकार द्वारा राइस मिलों का बकाया भुगतान के लिए संघर्ष किया जाएगा। इस मौके पर वरिष्ठ व्यवसायी राजीव अग्रवाल, राइस मिल यूनियन के प्रदेश सचिव उमेश अग्रवाल, कब अग्रवाल, सतपाल बंसल, रणजीत सिंह नामधारी, शुभम अग्रवाल, प्रभजीत कटवाल, लखविंदर सिंह,रूपेश संजय, संतोष गोसन, मदन,सोनू राइस मिलर मौजूद थे।

## 21 जुलाई तक बारिश का दौर जारी रहेगा

देहरादून। शुक्रवार को तेज बारिश का सिलसिला उत्तराखंड में जारी रहेगा। खासतौर पर पर्वतीय इलाकों में तेज बारिश होने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र की तरफ से जारी पूर्वानुमान के अनुसार हरिद्वार, अल्मोड़ा, टिहरी, उधमसिंह नगर जिले के कुछ जगहों पर तेज बारिश देखने को मिल सकती हैं।मौसम विज्ञान ने कुछ इलाकों के लिए बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। जिसमें बागेश्वर और पिथौरागढ़ शामिल है। इसके साथ ही 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की भी संभावना हैं। आने वाले दिनों की बात करें तो 21 जुलाई तक उत्तराखंड में बारिश का दौर जारी रहेगा।


